रोहतक
मंगलवार 8 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 30, अंक : 215
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.3°C
न्यून. 22.8°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

9 दलीप ट्रॉफी : 700 रनों के पार ईस्ट जोन ईशान ने ठोका दोहरा शतक

हॉस्टल हादसे के लिए दिल्ली नगर निगम जिम्मेदार : हाईकोर्ट

सरकार भी जवाबदेही से नहीं बच सकती, 10 दिन में रिपोर्ट पेश करें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली हॉस्टल मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने कहा- हादसे के लिए दिल्ली नगर निगम और दिल्ली यूनिवर्सिटी दोनों जिम्मेदार हैं। कोर्ट ने कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के हॉस्टलों की हालत बेहद दयनीय और खराब है। सरकार जिम्मेदारी से नहीं बच सकती है। अदालत ने एमसीडी (एमसीडी), दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार, एनएचआरसी (एनएचआरसी) और दिल्ली विश्वविद्यालय को 10 दिनों के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, पुलिस ने हॉस्टल के मालिक हरिराम बंसल को राजस्थान के भिवाड़ी से हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया था। हादसे में अब तक 7 की मौत हो चुकी है। 12 को बचाया गया है। इनमें 5 की हालत गंभीर है। रेस्क्यू ऑपरेश पूरा हो चुका है। हॉस्टल हादसा दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास सत्य निकेतन में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे हुआ। हॉस्टल 5 मंजिला इमारत में था, जो करीब 46 साल पुरानी थी। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के रिकॉर्ड में इस इमारत को खतरनाक घोषित नहीं किया गया था।

(पैकेज पेज-5 पर)

खास बातें

डीयू, एमसीडी, एनएचआरसी, दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी

अब तक 7 लोगों की मौत, 12 को बचाया गया, पांच की हालत गंभीर

बार-बार जा रही निर्दोषों की जान

दिल्ली हाईकोर्ट ने सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसे से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि ऐसी घटनाएं हर कुछ महीनों में होती रहती हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली जाती है। कभी आग लगने, कभी जलभराव और कभी बिल्डिंग गिरने जैसी घटनाओं में लोगों की मौत होती है। हाईकोर्ट ने इस मामले में दिल्ली यूनिवर्सिटी, एमसीडी, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार और एमसीडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए।

दिल्ली विवि के साउथ कैंपस के पास हैं कई हॉस्टल

सत्य निकेतन दिल्ली यूनिवर्सिटी के साउथ कैंपस के पास बसा प्रमुख छात्र इलाका है। यहां बड़ी संख्या में छात्र पीजी और हॉस्टल में रहते हैं। इलाके में कई हॉस्टल हैं। इनके आसपास ही दिल्ली यूनिवर्सिटी के वेंकटेश्वर कॉलेज, आर्यभट्ट, मोतीलाल नेहरू और मैत्रेयी कॉलेज हैं। इसी वजह से यहां दिनभर छात्रों की आवाजाही रहती है। हालांकि, सत्य निकेतन में कुल कितने छात्र रहते हैं, इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा, बिल्डिंग का मालिक पत्नी और बेटा गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

सत्य निकेतन इमारत हादसा मामले में दिल्ली पुलिस ने बिल्डिंग मालिक हरिराम, उनकी पत्नी उर्मिला और बेटे महेश को गिरफ्तार किया है।

हादसे के बाद कार्रवाई

- बिल्डिंग के मालिक का नाम हरिराम बंसल है, जो गुरुग्राम में रहता है। पुलिस ने मामले में गैर इरादतन हत्या और लापरवाही की धाराओं एफआईआर दर्ज की है।
- दिल्ली मेयर प्रवेश वाही ने कहा कि 4 मंजिल से ज्यादा वाले सभी अवैध निर्माणों को तत्काल सील किया जाएगा। दोषी अधिकारियों को बर्खास्त किया जाएगा।
- दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सत्य निकेतन में पीजी गिरने की घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।
- 6 सितंबर के एमसीडी के एक ऑर्डर में सत्य निकेतन में बनी सभी जर्जर और खतरनाक इमारतों को गिराने का नोटिस लगा दिया गया है।
- इमारत के पास बनी एक दूसरी बिल्डिंग को भी खाली करा लिया गया है। उसमें दरारें दिखाई दी हैं। रेस्क्यू टीम के मुताबिक, मलबा हटाने के दौरान इस बिल्डिंग के भी गिरने का खतरा है। इसे सुरक्षित रखने के लिए सपोर्ट देने वाले पिलर लगाए जा रहे हैं।

एक करोड़ मुआवजे की मांग

दिल्ली हॉस्टल हादसा मामले की हाईकोर्ट में दोपहर 2:30 बजे सुनवाई हुई। एडवोकेट अनिकेत कुमार गुप्ता ने पीआईएल दाखिल कर हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की है।

5 अफसर निलंबित

सत्य निकेतन हादसे पर राज्य सरकार ने एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को निलंबित कर दिया है।

एके मिश्रा बने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 37वें चीफ जस्टिस

पंजाब सरकार के विरोध के बीच ली शपथ

मुख्यमंत्री सैनी और राज्यपाल घोष रहे मौजूद

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा ने सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 37वें चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित पंजाब लोक भवन (गवर्नर हाउस) में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जस्टिस मिश्रा से पहले जस्टिस शील नागू चीफ जस्टिस थे। जून 2026 में उनकी सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति हुई थी। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने जस्टिस मिश्रा की नियुक्ति का विरोध किया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान का तर्क था कि जस्टिस मिश्रा की इस नियुक्ति को लेकर उनसे सहमति नहीं ली गई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष समारोह में मौजूद रहे।

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा तय करने के मामले में ढील बरतने पर नाराजगी

क्या आप मेरे रिटायरमेंट का इंतजार कर रहे हो : सीजेआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरावली पहाड़ियों की परिभाषा और सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई-पावर्ड कमेटी को 30 नवंबर तक रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। सीजेआई सूर्यकांत ने 6 महीने की मोहलत की मांग पर कड़ी नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी की 6 महीने की मोहलत की मांग को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने टिप्पणी की और कहा-कमेटी ने बिना सोचे-समझे पहली बार में ही मोहलत मांगी है। ऐसा लगता है कि आप मेरे रिटायरमेंट का इंतजार कर रहे हो। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को दिन-रात काम करने और 30 नवंबर तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी साफ कर दिया है कि आगे कोई मोहलत नहीं दी जाएगी। कमेटी को राजस्थान और गुजरात के आदिवासी समुदायों सहित सभी संबंधित पक्षों की बात सुननी होगी। साथ ही वह जरूरी मुद्दों को अलग-अलग सुलझाने में कोर्ट की मदद के लिए खास मुद्दों पर अंतरिम रिपोर्ट भी सौंप सकती है।

5 सदस्यीय कमेटी का किया था गठन

इस साल जून में सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और श्रेणियों की परिभाषा और सीमांकन से संबंधित मुद्दों की व्यापक समीक्षा करने के लिए पांच सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त विशेषज्ञ समिति का गठन किया था, जिसमें कहा गया था कि विशेषज्ञ मूल्यांकन के लाभ के बिना दूरगामी पर्यावरणीय परिणामों वाले निर्णय नहीं लिए जाने चाहिए. समिति का नेतृत्व भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद के महानिदेशक द्वारा किया जाना था।

36000 फीट पर प्लेन का ऑयल प्रेशर हुआ कम, इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में तकनीकी खराबी के कारण एक इंजन के सहारे कोच्चि लौटना पड़ा और यहां इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बोइंग 737 विमान अबू धाबी जा रहा था। करीब 50 मिनट की उड़ान के बाद पायलट ने इसके एक इंजन में ऑयल प्रेशर कम पाया। तब यह 36 हजार फीट की ऊंचाई पर था। इंजन में ऑयल खतरनाक स्तर तक कम हो गया, तब दोनों पायलट ने इसे बंद करने का फैसला किया। वे एक इंजन सहारे ही कोच्चि लौटे। चूंकि विमान ने करीब दो घंटे की ही उड़ान भरी थी इसलिए इसमें फ्यूल ज्यादा था। ऐसे में यह ओवरवेट लैंडिंग थी, जो और भी जोखिम भरी होती है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि फ्लाइट ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत वापस कोच्चि लौटने का फैसला किया।

अबू धाबी जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट कोच्चि लौटी

गुवाहाटी में पत्नी की हत्या कर सिर फ्रिज में रखा, उंगलियां भी काटीं

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम के गुवाहाटी से एक युवक ने पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने पत्नी का सिर धड़ से अलग करके फ्रिज में रख दिया और उसके दोनों हाथों की उंगलियां भी काट दीं। मामले का खुलासा रविवार को तब हुआ था जब, वह बॉडी कुत्ते को खिलाने की तैयारी में था, लेकिन तेज बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली। पुलिस फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसी तो 25 साल की रिया तालुकदार का धड़ मिला। हत्या के बाद से ही आरोपी रामानुजन गोस्वामी फरार था, जिसे सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।

शव कुत्तों को खिलाने का था प्लान बदबू आने पर पड़ोसियों ने बुलाई पुलिस

कमरे में ही खाना बनाया और खाया

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि हत्या के बाद रामानुजन ने उसी कमरे में खाना बनाया और खाया था। इसके बाद उसने रिया के शव को काटकर मांस कुत्तों को खिलाने की योजना बनाई थी। लेकिन, खाना खाने के बाद वह घर से भाग निकला। रिया और रामानुजन की शादी करीब 6 महीने पहले ही हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों गुवाहाटी के हाटीगांव इलाके में किराए से रह रहे थे। रिया फैंसी बाजार के एसी मार्केट इलाके में स्थित एक बुटीक में काम करती थी।

इसरो सरकारी संस्था, नहीं हुआ निजीकरण : नारायणन

बेंगलुरु (एजेंसी)। इसरो चेयरमैन वी. नारायणन ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी सरकारी संस्था है और इसका निजीकरण नहीं हुआ है। उन्होंने इसरो के कर्मचारियों की चिंताओं को जायज बताते हुए कहा कि उनका समाधान किया जाएगा। नारायणन बेंगलुरु स्पेस एक्सपो (बीएसएक्स) के 9वें सीजन के उद्घाटन समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नारायणन का बयान इसरो की 9 कर्मचारी संगठनों के 4 सितंबर को भेजे गए पत्र के बाद आया। संगठनों ने इसरो के मैन्युफैक्चरिंग और ऑपरेशनल कामों को प्राइवेट संस्थाओं को सौंपने के प्रस्ताव पर जवाब मांगा था।

चेयरमैन ने दी सफाई, बोले, प्राइवेट कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ काम कर रहे

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण : लखनऊ देश में टॉप, इंदौर का दूसरा स्थान

चंडीगढ़ 7वीं और फरीदाबाद को 14वीं रैंकिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2026 में लखनऊ ने इंदौर को पछाड़कर शीर्ष पर जगह बनाई है। जबकि इस पहल में दूसरे स्थान पर इंदौर और तीसरे स्थान पर जबलपुर रहा है। इसके साथ ही इन सभी शहरों की हवाओं में काफी सुधार भी दर्ज किया गया है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 में इंदौर शीर्ष पर था, जबकि लखनऊ 22 वें स्थान पर था। वहीं दूसरे स्थान पर जबलपुर और तीसरे स्थान पर आगरा था। हालांकि इस बार आगरा पांचवें स्थान पर खिसक गया है। वहीं, चंडीगढ़, ठाणे और राजकोट को रैंकिंग में संयुक्त 7वां और फरीदाबाद को 14वां स्थान मिला है। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में इस बार नगरीय निकायों के वार्डों को भी शामिल किया गया था, उनमें भी 30 हजार से अधिक आबादी वाले वार्डों में लखनऊ के वार्ड नंबर 70 ने शीर्ष पर जगह बनाई है। बड़े शहरों में दिल्ली 32वें से घटकर 21वें स्थान पर आया है।

तीन से दस लाख की आबादी वाले शहर

कचरा प्रबंधन इलेक्ट्रिक वाहन और स्विपिंग मशीनों के प्रयोग से हुआ सुधार

सर्वेक्षण में एनसीएपी में शामिल तीन से दस लाख की आबादी वाले शहरों में इस बार पहले स्थान पर राउरकेला, दूसरे स्थान पर फिरोजाबाद व गुंटूर रहे, जबकि तीसरे स्थान अमरावती रहा है। वहीं तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में पहले स्थान पर कलिंगा नगर, दूसरे स्थान पर अंगुल और तीसरे स्थान पर तालेचर रहा है। खासबात यह है कि तीनों ही ओडिशा के है।

दिल्ली-मुंबई की स्थिति

मिलियन प्लस शहरों की सूची में दिल्ली 30वें और मुंबई 37वें स्थान पर रहा। चेन्नई, जमशेदपुर, कोटा, कोलकाता और मदुरै इस श्रेणी में निचले 5 शहरों में शामिल रहे।

इन मानकों पर की रैंकिंग

एनसीएपी में शामिल 130 शहरों की जिन मानकों के आधार पर ये रैंकिंग तैयार की गई, उनमें कचरे को जलने से रोकना, सड़कों से उठने वाली धूल को कम करना, निर्माण कार्य से उठने वाली धूल और कचरे का प्रबंधन, वाहन प्रदूषण में कमी के उपाय, उद्योग से उठने वाले प्रदूषण पर रोकथाम व पीएम-10 के मानकों में बदलाव जैसे बिंदु शामिल किए गए थे।

विज्ञान विजेता

गोरांगिनी शर्मा
कक्षा 8, विद्यादायिनी सेकेंडरी स्कूल, खण्डार, सवाई माधोपुर, राजस्थान

जय प्रकाश पांडेय
कक्षा 10, काइट्स राइज़ पब्लिक स्कूल, सिंगरौली, मध्य प्रदेश

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS

NASA EDUCATIONAL TRIP WINNERS

गणित विजेता

आयशा
कक्षा 5, कर्म भूमि विंग स्कूल, महेंद्रगढ़, हरियाणा

शुभ जैन
कक्षा 7, सेंट पायस स्कूल, श्योपुर, मध्य प्रदेश

देशभर के स्कूलों की प्रतिभाओं को मिली राष्ट्रीय पहचान

विज्ञान — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

- कक्षा - 1: **आसना** — आर्य वैदिक पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
- कक्षा - 2: **आकर्ष मलिक** — एम आर एस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 3: **गरिमा चक्रवर्ती** — सनराइज पब्लिक स्कूल, झाँसी, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 4: **हेतांश आर. मकवाना** — होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
- कक्षा - 5: **कार्तिकेय** — आर.पी.के. पब्लिक स्कूल, हरदोई, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 6: **श्रेया सोनी** — सतगुरु पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, शहडोल, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 7: **अर्पिता** — माँ हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल, भदोही, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 8: **गोरांगिनी शर्मा** — विद्यादायिनी सेकेंडरी स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
- कक्षा - 9: **ज्वेल सिजो पालियाकारा** — होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
- कक्षा - 10: **जय प्रकाश पांडेय** — काइट्स राइज़ पब्लिक स्कूल, सिंगरौली, मध्य प्रदेश

रैंक 2

- कक्षा - 1: **आयात परवीन** — पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
- कक्षा - 2: **दिवा सोनी** — गुरुकुल कॉन्सेप्ट एजुकेशन स्कूल, राजसमंद, राजस्थान
- कक्षा - 3: **अनिका रानी** — हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
- कक्षा - 4: **मुनीर अकबर** — लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
- कक्षा - 5: **सलमा खान** — माउंट एसीसी इंग्लिश स्कूल, वलसाड, गुजरात
- कक्षा - 6: **विवेक सिन्हा** — बिड़ला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल, मुंगेर, बिहार
- कक्षा - 7: **जय श्री बुंदेला** — ड्रीम किड्ज़ प्ले स्कूल, पन्ना, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 8: **मयंक जांगिड़** — विद्या भारती इंग्लिश स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
- कक्षा - 9: **सुमित साहू** — भारत विद्यांचल पब्लिक हाई स्कूल, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 10: **प्रियांशु कुमार** — एम.बी.एन. पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद, हरियाणा

रैंक 3

- कक्षा - 1: **अहयान अमान** — पैरामीटरप्लस इंटरनेशनल स्कूल, पटना, बिहार
- कक्षा - 2: **रिदा इमरान मेस्त्री** — श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
- कक्षा - 3: **अंशिवी सिंह** — बी.एस.आर.डी. पब्लिक स्कूल, फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 4: **प्रिया यादव** — न्यू ग्रीन फील्ड हाई स्कूल, रतलाम, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 5: **माधव तुहानिया** — ग्रो जीनियस स्कूल, चूरू, राजस्थान
- कक्षा - 6: **आरती** — सर्वोदय एच.जी. इंटरमीडिएट कॉलेज, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 7: **आराध्या हाळे** — शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
- कक्षा - 8: **रासी कुमारी** — हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
- कक्षा - 9: **नबील अब्दुल रऊफ** — सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक
- कक्षा - 10: **आदर्श पांडे** — सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश

गणित — राष्ट्रीय स्तर

रैंक 1

- कक्षा - 1: **सौंदर्या एस. चौहान** — सेंट बेनेडिक्ट एकेडमी, भोपाल, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 2: **आकर्ष मलिक** — एमआरएस एकेडमी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 3: **महियाली हाजी नईम मुल्ला** — श्रद्धा पब्लिक स्कूल, कोल्हापुर, महाराष्ट्र
- कक्षा - 4: **आयुषी वर्मा** — आदर्श सरस्वती शिक्षा निकेतन, सीतापुर, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 5: **आयशा** — कर्म भूमि विंग स्कूल, महेंद्रगढ़, हरियाणा
- कक्षा - 6: **लक्ष्य** — संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 7: **शुभ जैन** — सेंट पीयस स्कूल, श्योपुर, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 8: **आकांक्षा मिश्रा** — आर.के.सी. पब्लिक स्कूल, बस्ती, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 9: **प्रदीप्ता हाजरा** — मैग्नस ग्लोबल स्कूल, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बंगाल
- कक्षा - 10: **ए. शिवराज** — सेंट मैरीज़ स्कूल, तुमकुरु, कर्नाटक

रैंक 2

- कक्षा - 1: **आयज़ा अनवर** — न्यू प्रोग्रेसिव एजुकेशन पब्लिक स्कूल, भोपाल, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 2: **कृशिव राठौर** — वेदांत विद्यालय, मंदसौर, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 3: **अथर्व परिहार** — गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली
- कक्षा - 4: **अर्णव शर्मा** — गुरुकुल विद्यापीठ, ग्वालियर, मध्य प्रदेश
- कक्षा - 5: **ज़ोया ज़ैनब** — ज्ञान गंगा आदर्श विद्यालय, रायगढ़, छत्तीसगढ़
- कक्षा - 6: **मीर वसीक़ मेहदी** — लिटिल एंजेल वैली स्कूल, मुज़फ्फरपुर, बिहार
- कक्षा - 7: **नेहा कुमारी** — विद्या निकेतन, औरंगाबाद, बिहार
- कक्षा - 8: **रोहित कुमार** — एन.आर. पब्लिक स्कूल, पटना, बिहार
- कक्षा - 9: **राठौड़ एस. नाथुभाई** — देवम विद्यालय, देवभूमि द्वारका, गुजरात
- कक्षा - 10: **अंकुश कुमार** — ए.वी.पी. एकेडमी, दौसा, राजस्थान

रैंक 3

- कक्षा - 1: **अंकुश कुमार** — जीवन दीप पब्लिक स्कूल, नालंदा, बिहार
- कक्षा - 2: **नव्या शर्मा** — दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोडरमा, झारखंड
- कक्षा - 3: **परी कुमारी** — हिमालयन एकेडमी, साहिबगंज, झारखंड
- कक्षा - 4: **दिशा** — इनक्रेडिबल हाइट्स सेकेंडरी स्कूल, बीकानेर, राजस्थान
- कक्षा - 5: **कनिष्का बैरवा** — किड्स ज़ोन प्ले स्कूल, सवाई माधोपुर, राजस्थान
- कक्षा - 6: **फेलिक्स जोसेफ बैजू** — होली फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल, भावनगर, गुजरात
- कक्षा - 7: **आराध्या हाळे** — शंकरराव चव्हाण इंटरनेशनल स्कूल, नांदेड, महाराष्ट्र
- कक्षा - 8: **ईशांक बघेल** — श्री विष्णुदत्त शर्मा इंटर कॉलेज, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 9: **प्राची** — संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश
- कक्षा - 10: **अयान जमीर खान पठान** — संत सेवालाल महाराज, यवतमाल, महाराष्ट्र

विज्ञान — राज्य स्तरीय – हरियाणा

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	विवान, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	कार्तिक, इंटरनेशनल दिल्ली पब्लिक स्कूल, महेंद्रगढ़	प्रिया, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
कक्षा-2	भाविका, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	सौम्या, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	तन्वी, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-3	काश्वी, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	अभिनूर, आदर्श हाई स्कूल, सिरसा	लक्ष्य, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-4	अंश भुईया, आर. एस. पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	सोरिया सिंह, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	उज्वल कुमार नायक, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
कक्षा-5	जिया, आदर्श हाई स्कूल, सिरसा	श्रेया गुप्ता, साउथ एंड पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	यश, मोनिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार
कक्षा-6	काव्या, सागर किड्स स्कूल, रेवाड़ी	प्रिंस, जीनियस हाई स्कूल, हिसार	कनिष्का, तेजस इंटरनेशनल स्कूल, जींद
कक्षा-7	नेंसी, शिक्षा भारती ग्लोबल स्कूल, जींद	खुशबू, आदर्श हाई स्कूल, सिरसा	अंश मिश्रा, माउंट स्कूल, गंगा विहार, न्यू पालम विहार, गुरुग्राम
कक्षा-8	हर्षिका वर्मा, कैप्टन आर.सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	यतीका, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	अनुष्का, जीनियस हाई स्कूल, हिसार
कक्षा-9	प्रियंका, मोनिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	विवेक यादव, शहीद भगत सिंह हाई स्कूल, महेंद्रगढ़	प्रखर मिश्रा, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
कक्षा-10	हिमांशी, शहीद भगत सिंह हाई स्कूल, महेंद्रगढ़	ललिता, मोनिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	संजना कुमारी, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद

गणित — राज्य स्तरीय – हरियाणा

	रैंक 1	रैंक 2	रैंक 3
कक्षा-1	पर्व, मदर इंडिया इंटरनेशनल गुरुकुल, हिसार	विवान, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	कियारा यादव, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-2	शिवांश, कैप्टन आर.सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	श्रेयश, कैप्टन आर.सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	ऋषि, पी.जी.एस.डी. प्राइमरी विंग (इंग्लिश मीडियम), हिसार
कक्षा-3	पूरव राज्योरा, कैप्टन आर.सी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार	अक्षित, सागर किड्स स्कूल, रेवाड़ी	अंजलि मौर्या, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
कक्षा-4	यामिका, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	जशन सोनी, आदर्श हाई स्कूल, सिरसा	खुशी, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-5	आयशा, कर्म भूमि विंग, महेंद्रगढ़	कार्तिक, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	पूर्वी, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-6	पलक फौजदार, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	प्रांजल, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़	शौर्य, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-7	आदित्य कुमार, आर. एस. पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	अटल, तेजस इंटरनेशनल स्कूल, जींद	जिहान, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-8	वंशिका, शहीद भगत सिंह हाई स्कूल, महेंद्रगढ़	देव दर्शन, आदर्श हाई स्कूल, सिरसा	पुष्कर कुमार, साउथ एंड पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद
कक्षा-9	मुकुल धौंडियाल, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	प्रखर मिश्रा, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	हर्षिता, कर्मभूमि विंग, महेंद्रगढ़
कक्षा-10	आयुष कुमार, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	संजना कुमारी, एमबीएन पब्लिक स्कूल, फरीदाबाद	आशु, फारुका खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबाला

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS 2026-27

कक्षा 1 से 12 तक

Trusted by 2000+ schools & 1 Lakh+ students

MOM 2026 में तीन नए विषय शामिल किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शुरुआत से ही बेहतर मार्गदर्शन मिल सके।
यह कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए है और विभिन्न विषयों में तीन स्तरों पर आयोजित किया जाता है।

कक्षा 1 से 10 तक
- विज्ञान
- गणित
- अंग्रेज़ी
- सामान्य ज्ञान एवं बौद्धिक क्षमता

कक्षा 3 से 12 तक
- रीज़निंग एवं एप्टीट्यूड

www.mittsureolympiad.com

भारत का पहला **पंचकोश विकास** आधारित OLYMPIAD

MITTSURE OLYMPIAD MASTERS
JUNIOR POWER QUEST
NURSERY | LKG | UKG

GENERAL AWARENESS · CO-CURRICULAR SKILLS · ART · MATHEMATICS · ENGLISH

Talent Participation through mittmee

mittmee

REGISTRATIONS CLOSING SOON...

*T & C Apply

SHAKUN

Mittsure

Corporate Office: B-121 Mangal Marg, Bapu Nagar, Jaipur | www.mittsure.com

To **Register**, Call on : **1800 8917070, 7374003601**
Email: **support@mittsure.com**

खबर संक्षेप

जींद जेल से मोबाइल सेट बरामद, दो बंदियों समेत तीन पर मामला दर्ज

जींद। जिला कारागार में तलाशी के दौरान वार्ड नंबर एक की खड्डी से मोबाइल सेट बरामद होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने दो बंदियों समेत तीन के खिलाफ परिजनर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जेल उपाधीक्षक विक्रम सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि संदेह के आधार पर वार्ड नंबर एक की खड्डी में बीती देर शाम तलाशी अभियान चलाया गया था। जिसमें एक मोबाइल सेट, दो मोबाइल सिम व बैटरी बरामद हुई। जब जेल कर्मियों ने वार्ड नंबर एक में बंद बंदी जुलाना निवासी शंकर से पूछताछ की तो उसने बताया कि फोन बंदी गांव रामराये निवासी जतिन उर्फ डेविड का है। जिसके बाद जतिन से पूछताछ की गई तो उसने स्वीकार किया कि मोबाइल फोन उसने लगभग दो माह पहले बोलिंग कर दीवार से फिंकवाया था। जिसे गांव कालवा निवासी नवीन ने फेंका था।

नए परीक्षा केन्द्र के लिए विद्यालय 30 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा फरवरी/मार्च-2027 के लिए राजकीय, अनुदान प्राप्त व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय अपने भवन में नया परीक्षा केन्द्र बनवाने के लिए निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 30 सितंबर, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि जो विद्यालय नया परीक्षा केन्द्र बनवाना चाहते हैं, वह बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध परीक्षा केन्द्र स्थापना फार्म को डाउनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की सिफारिश सहित निर्धारित तिथि तक बोर्ड कार्यालय में दस्ती/पंजीकृत डाक के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

नील गाय को बचाते हुए पेड़ से टकराई बाइक मजदूर की मौत

फतेहाबाद। नागपुर गांव के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर की असमय मौत हो गई। मृतक की पहचान जल्लोपुर ढाणी निवासी हरबंस लाल के रूप में हुई है। हादसा उस समय हुआ जब मोटरसाइकिल से लौट रहे हरबंस लाल के सामने अचानक एक नील गाय आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सीधे पेड़ से जा टकराई। उनके परिवार में दो बेटियां और एक बेटा है।

कार की टक्कर लगने से सड़क पार कर रही दो महिला श्रमिकों की मौत

पानीपत। गांव नौल्था के पास रोहतक हाइवे पर अज्ञात कार ने सड़क पार कर रही दो महिला श्रमिकों रेशमा व सोनिया निवासी गांव इसराना को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों महिलाएं गांव नौल्था के रकबे में स्थित फैक्ट्री में काम करती थी।

नूंह में एसीबी की बड़ी कार्रवाई : थाना प्रभारी 50 व शिक्षा विभाग का क्लर्क 25 हजार लेते गिरफ्तार

- दुष्कर्म व पॉक्सो केस से एक आरोपी को बाहर निकालने को मांगे एक लाख रुपये

कासिम खान ▶▶ नूंह

हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने सोमवार को नूंह जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस विभाग और शिक्षा विभाग के दो कर्मचारियों को कुल 75 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एक ही दिन में हुई इस दोहरी कार्रवाई से सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है। एसीबी की टीम ने पुन्हाना शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कुंदन को 50 हजार रुपये तथा जिला शिक्षा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी शाकिर पुत्र अलजु निवासी घुड़ावली को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, इंस्पेक्टर कुंदन के

पास पिनगवां थाने में दर्ज पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म से जुड़े एक मामले की जांच थी। आरोप है कि उन्होंने मामले में एक आरोपी का नाम निकालने के बदले शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने योजना बनाकर ट्रैप लगाया और सोमवार को उन्हें 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी ने मौके से भागने का प्रयास भी किया।

शिक्षक का मेडिकल बिल पास कराने को क्लर्क ने मांगी रिश्वत, काबू

जिला शिक्षा विभाग कार्यालय में कार्यरत क्लर्क शाकिर को एक शिक्षक का मेडिकल बिल पास कराने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर उसे 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। शिक्षा विभाग में कार्रवाई एसीबी अंबाला की टीम ने इंस्पेक्टर राजेंद्र के नेतृत्व में की। कार्रवाई के दौरान नवीन कुमार, डीपी कुरुक्षेत्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। शिकायतकर्ता की पहचान संजीव शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा निवासी अंबाला के रूप में हुई है। बता दें कि पिछले दो महीनों के दौरान नूंह जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो बिजली विभाग, पेंशन विभाग और पुलिस विभाग के कई अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई कर चुका है। लगातार सामने आ रहे रिश्वतखोरी के मामलों ने सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले में पुलिस में भ्रष्टाचार को लेकर लगातार मामले सामने आ रहे हैं।

अंकित हत्याकांड : गैंगस्टर की धमकी के बाद सिंगर राहुल पुठी ने मांगी माफी

- 'भरी कोर्ट में गोली मारेंगे' गाने पर छिड़ा हुआ है विवाद
- सिंगर राहुल ने कहा-मेरा किसी गैंग से कोई संबंध नहीं, भविष्य में नहीं गाएंगे बदमाशी वाले गाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

हरियाणवी गाने 'भारी कोर्ट में गोली मारेंगे मेरी जान' पर छिड़ा कत्लेआम व विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी गाने के चक्कर में गायक अंकित बालियान की हत्या का दावा किया गया था। वहीं, हत्यारोपी द्वारा पिछले दिनों सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि अभी दो और मर्डर होंगे। इसके बाद इस गाने से जुड़े अन्य लोगों को भी सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। ऐसे में हांसी निवासी

गायक राहुल पुठी।

हरियाणवी गायक राहुल पुठी और उनका परिवार भी परेशान है। राहुल ने वीडियो जारी कर अपने और किसी गैंग के बीच संबंध से इनकार किया। उन्होंने कहा कि उनके गाने सिर्फ मनोरंजन के लिए हैं और उनका किसी गैंग से कोई लेना-देना नहीं है। अपने गाने 'भारी कोर्ट में गोली मारेंगे मेरी जान' का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि अगर इसके बोल से किसी को परेशानी हुई है तो वह हाथ जोड़कर माफी मांगते हैं। इस गाने पर अंकित बालियान ने एक्टिंग की थी। बालियान का मर्डर इसी गाने की कंट्रोवर्सी से जोड़कर देखा जा रहा है। राहुल पुठी ने कहा कि अकेले उन्होंने बदमाशी के गाने नहीं किए। दूसरे कलाकारों ने भी ऐसे गाने रिलीज किए हैं। भविष्य में वह बदमाशी के गाने नहीं गाएंगे।

उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके गानों को वास्तविक घटनाओं या किसी गैंग के समर्थन के तौर पर न देखा जाए। अगर किसी भाई को गाने के बोल या वीडियो से परेशानी हुई है तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

रेवाड़ी व रोहतक में शवों को खुर्द बुर्द करने की साजिश नाकाम

डेयरी में युवक के शव को गड्ढा खोदकर दबाया, सिर पर निकले चोट के निशान

- डेयरी मालिक का बेटा साथियों के साथ कार में लाया था शव, पुलिस ने सूचना पर जाकर शव को निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिले में एक डेयरी में युवक का शव दफनाने पर हंगामा मच गया। आधी रात के समय कार में शव को डेयरी में लाया गया और गड्ढा खोदकर उसे दफनाया गया। इसी दौरान किसी ने यह देख लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकला और पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा। मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है। जांच के अनुसार युवक उम्र करीब 25 से 30 साल है और सिर पर चोट के निशान भी मिले हैं।

डेयरी पर काम करने वालों ने पुलिस को बताया कि मालिक का बेटा आधी रात को 3-4 दोस्तों के साथ कार में डेयरी के अंदर आया। उसके बाद कार से शव निकालने के बाद युवक ने जमीन में गड्ढा खोदा और उसे दफनाने लगा। गुरुग्राम के व्यक्ति ने पट्टे पर जमीन ली हुई है।

जानकारी के अनुसार, गांव फाजिलपुर निवासी डेयरी संचालक अरूण उर्फ मन्नु ने रेवाड़ी के गांव भटसाना में करीब 14 एकड़ जमीन पट्टे पर ली हुई है और वह धारूहेड़ा में रहता है। जमीन पर फार्म हाउस बनाया हुआ है और डेयरी भी चलाते हैं। डेयरी में काम करने वाले नौकरों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रविवार देर रात संचालक के बेटे गौरव को 3-4 युवकों के साथ सफेद रंग की कार में सवार होकर डेयरी में आते देखा। युवक गड्ढा खोदकर कार से शव निकालकर जमीन में दफनाने लगे, जिसके बाद रात 10 बजे उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद धारूहेड़ा थाना प्रभारी फूल कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम को बुलाने के बाद जमीन खोदकर शव को रात 12 बजे के बाद बाहर निकाला गया। जांच करने पर सिर पर चोट के निशान मिले। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम रूम में रखवाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने भी मौके का निरीक्षण किया। डीएसपी सुरेंद्र श्योरण ने कहा कि नौकरों से सूचना मिली थी कि 3-4 युवकों ने डेयरी में शव दफनाया है, जिनमें डेयरी संचालक का बेटा भी शामिल बताया जा रहा है। सिर पर मिले चोट के निशान से मामला हत्या का लग रहा है। संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है। अभी किसी के खिलाफ केस दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस पहले शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

रेवाड़ी। मौके पर मौजूद एसपी, डीएसपी व टीम जांच करते हुए।

हत्या कर शव खेतों में जलाया, पुलिस ने आग बुझाई

रोहतक। गांव मदीना गिंधराण में सोमवार सुबह रेडियो स्टेशन के पीछे खेतों में करीब 25-26 वर्षीय अज्ञात युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। शीतल बाबा मंदिर के गेट के पास शव जलता हुआ मिला। सूचना पर बहुअकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेत डालकर आग बुझाई। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर सीन ऑफ क्राइम एफएसएल और फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया। एफएसएल टीम ने मौके और शव का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की, जबकि फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ ने शव के फिंगर प्रिंट लिए। घटनास्थल से अधजली एक लीटर की प्लास्टिक बोतल, लाइटर और खून से सनी मिट्टी बरामद हुई। ग्रामीणों की मदद से मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए गए, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

चरित्र पर शक के चलते पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या

अंबाला (हरिभूमि न्यूज)। पति ने शराब के नशे में अपनी पत्नी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। उसने पत्नी के पेट और छाती पर कई वार किए। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जख्मी हालत में महिला को अंबाला शहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला दो बच्चों की मां थी। महिला के भाई ने बताया कि उसका जीजा बहन के चरित्र पर शक करता था। जब भी उसकी बहन का फोन व्यस्त मिलता था वह उससे झगड़ा और मारपीट करता था। रविवार शाम को भी दोनों के बीच विवाद हुआ। बहन ने पति से तलाक लेने की बात कही तो जीजा ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के गुरुनानक नगर के किराये के मकान पर रहने वाले बंटी की शादी 13 साल पहले हीना से (32) हुई थी। दोनों के 11 साल का बेटा और 9 साल की बेटी है। बंटी एक फैक्ट्री में काम करता है। भाई नन्नू ने पुलिस को बताया कि बंटी उसकी बहन के चरित्र पर शक करता था। हीना का फोन व्यस्त मिलने या किसी से बातचीत करने की बात पर वह अक्सर उसके साथ झगड़ा करता था। आरोप है कि विवाद के दौरान बंटी उसे जान से मारने की धमकी भी देता था। नन्नू ने बताया कि बीते रोज हीना घर के आंगन में कपड़े धो रही थी। इसी दौरान बंटी शराब के नशे में घर पहुंचा। उसके चरित्र पर शक जताते हुए गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर हीना ने पति से परेशान होकर तलाक लेने की बात कही। आरोप है कि इस बात पर बंटी भड़क गया। उसने हीना को जान से मारने की धमकी दी और रसोई से छुरी उठाकर उस पर हमला कर दिया।

झगड़ों से परेशान पत्नी ने तलाक की बात कही तो भड़का आरोपी

सफाई कर्मियों की हड़ताल पर सख्त कार्रवाई

32 सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त, 2 निलंबित

- सोनीपत व कैथल में सफाई कर्मचारियों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में एक माह से चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच प्रदेश सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। राज्य के अलग-अलग शहरी निकायों में कार्यरत पे रोल और हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से लगे 32 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं वहीं इसके अलावा दो कर्मचारी निलंबित कर दिए गए हैं। इनमें सोनीपत व कैथल के कर्मचारी प्रमुख हैं। कर्मचारियों के खिलाफ सफाई कार्य नहीं करने और काम कर रहे कर्मचारियों को भी काम करने से रोकने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। हड़ताल लंबी खिंचने के साथ ही प्रदेश के कई शहरों में सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। सरकार और सफाई कर्मचारियों के बीच मुख्य गतिरोध नियमितीकरण को लेकर है। सरकार कर्मचारियों की 13 में से 12 मांगें मान चुकी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी विधानसभा में कहा है कि कर्मचारियों की 12 मांगें स्वीकार की जा चुकी हैं, अदालत में विचाराधीन मामलों में न्यायालय के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

सरकार की ओर से कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा के दायरे में लाने की पेशकश की गई है। इसका मतलब पात्र कर्मचारियों को नौकरी में एक निश्चित सुरक्षा मिलेगी और उन्हें अचानक सेवा से बाहर किए जाने की आशंका कम होगी। मुख्यमंत्री के अनुसार 31 अगस्त तक सेवा सुरक्षा पोर्टल पर 62,497 आवेदन मिले थे, जिनमें से हजारों आवेदनों को संबंधित अधिकारियों की ओर से मंजूरी दी जा चुकी थी। सरकार ने आश्वासन दिया है कि अगले दो माह में कोई भी पात्र कर्मचारी सेवा सुरक्षा से वंचित नहीं रहेगा। दूसरी ओर, हड़ताली कर्मचारी सेवा सुरक्षा के बजाय नियमितीकरण की मांग पर अड़े हुए हैं।

नशे में आए छोटे भाई को झगड़े में धक्का दिया तो लगी चोट, मौत

सिरसा (हरिभूमि न्यूज)। शहर की गुरुनानक नगरी में शराब के नशे में दो भाइयों के बीच हुए झगड़े में छोटे भाई की मौत हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में मृतक हरगोविंद सिंह की बहन देवेंद्र कौर ने बताया कि पांच सितंबर की रात उसका भाई हरगोविंद सिंह शराब पीकर घर आया था। इस दौरान उसकी हरजीत सिंह के साथ कहासुनी हो गई और वे गली में झगड़ने लगे। हरजीत सिंह ने हरगोविंद सिंह को धक्का दे दिया। धक्का लगने से हरगोविंद सिंह जमीन पर गिर गया और चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

फरीदाबाद में 4500 एकड़ जमीन पर विकसित होंगे कई सेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकार की लैंड पूलिंग पॉलिसी-2022 के तहत फरीदाबाद में करीब 4500 एकड़ जमीन को विकसित करने की तैयारी है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने इस जमीन को योजना में शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। इसमें आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक सुविधाओं के लिए अलग-अलग क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। योजना के तहत जमीन मालिक और जमीन एकत्र करने वाले लोग भी अपनी जमीन शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें अपनी जमीन का विवरण ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 नवंबर है। प्रस्तावित जमीन में सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक उपयोग के लिए सेक्टर-96ए और 97ए शामिल हैं। आवासीय क्षेत्र के लिए 94ए, 96, 99, 101, 102, 103, 140, 141 और 142 सेक्टर प्रस्तावित हैं। लैंड पूलिंग योजना में खेड़ी कलां, नचौली, ताजूपुर, ढकौला, शाहबाद, बदरपुर सैद, शाहूपुरा, सहूपुरा, सोतई, सुनपेड़, मलेरना, जाजरू, भैंसरावली, फत्तूपुरा, भुआपुर, भुहापुर जसाना, फरीदपुर, सदपुरा और तिगांव की जमीन शामिल की गई है।

कर्ज लेकर अर्मेनिया गए युवक की मौत, 11 दिन आया शव

- निर्माण साइट पर काम करता था, कमरे में मृत मिला, सीएम से गुहार के बाद आया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल निवासी 21 वर्षीय राजीव की विदेश में मौत हो गई। राजीव की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। परिजनों के मुताबिक, राजीव वर्ष 2022 में काम की तलाश में विदेश गया था। उसे भेजने के लिए परिवार ने करीब 5 से 6 लाख रुपये का कर्ज लिया था। राजीव वहां निर्माण साइट पर काम करता था। परिवार ने उसकी मेहनत के दम पर घर बनाने का काम भी शुरू किया था और उम्मीद थी कि

भाई का शव देख बेसुध हुई बहन। इनसेट में मृतक की फोटो।

बेटा विदेश में मेहनत करके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करेगा। राजीव के साथ रहने वाले उसके साथी ने फोन कर परिवार को बताया कि काम खत्म करने के बाद राजीव कमरे में पहुंचा और बेड पर लेट गया था। कुछ समय बाद उसने राजीव को हिलाकर देखा तो उसकी सांसें नहीं चल रही थीं। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राजीव को मृत घोषित कर दिया। राजीव की मां कमलेश ने बताया कि उन्होंने बेटे को कर्ज लेकर विदेश भेजा था ताकि परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। राजीव रोजाना फोन करता था, लेकिन एक दिन कई बार फोन मिलाने के बावजूद उससे बात नहीं हो सकी। इसके बाद उसकी मौत की खबर मिली तो परिवार पूरी तरह टूट गया। परिजन सुभाष ने बताया कि राजीव की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार और समाज के लोग मुख्यमंत्री हरियाणा से मिले थे। मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन दिया गया था कि 11 दिनों में शव भारत पहुंच जाएगा। परिजनों के मुताबिक अब 11वें दिन राजीव का शव उनके पास पहुंचा। अंतिम दर्शन के बाद राजीव का दाह संस्कार कर दिया गया।

डिजिटल अरेस्ट कर परिवार से 2.13 करोड़ ठगे, दो गिरफ्तार

फरीदाबाद। डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर एक परिवार से 2.13 करोड़ रुपये ठगने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने ड्राइवर और अकाउंटेंट को जीरकपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गौतम (27) और मोहित (25) निवासी लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गौतम के खाते में ठगी के 65 हजार रुपये आए थे। उसने अपना बैंक खाता मोहित को दिया था और मोहित ने यह खाता आगे साइबर ठगों को उपलब्ध कराया।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि गौतम 11वीं पास है और ड्राइविंग का काम करता है। वहीं मोहित बीकॉम पास है और एक निजी कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर काम करता है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने गौतम को जेल भेज दिया, जबकि मोहित को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, 13 जनवरी 2026 को पीड़ित कारोबारी राकेश की पत्नी के मोबाइल पर फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी बताया और कहा कि उनके आधार कार्ड से जुड़े बैंक खाते में 20 लाख रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग हुई है। इसके बाद कॉल कथित मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से जोड़ दी गई। ठगों ने पति-पत्नी को लगातार वीडियो कॉल पर रखा। ठगों ने पीड़ित को ईडी के नाम से फर्जी गिरफ्तारी आदेश और सुप्रीम कोर्ट के नाम से फर्जी पत्र भेजे। इनमें बैंक खातों में जमा रकम को जांच के नाम पर बताए गए खातों में भेजने के निर्देश दिए गए। जनवरी 2026 में कुल 2.13 करोड़ रुपये परिवार ने ट्रांसफर कर दिए।

राहत | हरियाणा रोडवेज के डाटा एंट्री ऑपरेटरों को मिली बड़ी राहत

सात ऑपरेटर अब 2014 से क्लर्क पद पर होंगे नियमित

राजेश्वर बैनीवाल ▶▶ हिसार

हरियाणा के राज्य परिवहन विभाग में वर्षों से अपनी सेवाओं के नियमित होने का इंतजार कर रहे डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए राहत भरी खबर आई है। राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग ने उच्चतम न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सात डाटा एंट्री ऑपरेटरों को वर्ष 2014 से 'क्लर्क' (ग्रुप-सी) के पद पर नियमित कर दिया है।

इस संबंध में राज्य परिवहन हरियाणा के निदेशक धीरेंद्र खड़गटा की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। यह फैसला 18 जून 2014 की नीति और सुप्रीम कोर्ट द्वारा सिविल अपील संख्या 1996/2024 (मदन सिंह व अन्य बनाम हरियाणा राज्य) में दिए गए ऐतिहासिक निर्णय के अनुपालन में लिया गया है, जिससे कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। विभाग द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, इन कर्मचारियों की नियमितीकरण की तिथि 29 मई 2014 से प्रभावी मानी जाएगी। इन सभी ऑपरेटरों को 'हरियाणा परिवहन विभाग (समूह-ग) हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995' के तहत क्लर्क के पद पर कार्यवाहक क्षमता में नियमित किया गया है। नियमित हुए कर्मचारियों को पूर्व-संशोधित पे-बैंड 5200-20200 प्लस 1900 ग्रेड-पे तथा संशोधित एफपीएल-3 के तहत वेतन व हरियाणा सरकार द्वारा समय-समय पर स्वीकृत भत्ते दिए जाएंगे। इसके साथ ही, ये सभी कर्मचारी हरियाणा सरकार की न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के दायरे में आएंगे।

कंप्यूटर टेस्ट पास करने की शर्त

सरकार ने नियमितीकरण के साथ कुछ शर्तें भी निर्धारित की हैं। आदेशों के तहत इन कर्मचारियों को कंप्यूटर ज्ञान की जांच के लिए आयोजित होने वाला 'स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट इन कंप्यूटर एप्रिसिएशन एंड एप्लिकेशन्स' पास करना अनिवार्य होगा। टेस्ट पास न करने की स्थिति में वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) पर रोक रहेगी। हालांकि, जिन कर्मचारियों के पास बी.टेक, एम.टेक, बीसीए, एमसीए, एनआईईएलआईटी या एचकेसीएल का कंप्यूटर सर्टिफिकेट या डिप्लोमा मौजूद है, उन्हें इस परीक्षा से छूट दी जाएगी। सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित सिविल सर्जन से अपना मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवाकर 15 दिनों के भीतर अपने-अपने डिपो में रिपोर्ट करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई कर्मचारी इस नियमितीकरण के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता है तो भविष्य में उसके मामले पर दोबारा विचार नहीं किया जाएगा।

इन्हें राहत

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद परिवहन विभाग की ओर से सात कर्मचारियों को नियमित किया गया है। इनमें सुनील कुमार (रेवाड़ी डिपो), दिनेश कुमार (हिसार डिपो), हरजिंदर सिंह (यमुनानगर डिपो), मदन गोपाल (सिरसा डिपो), नवीन (झज्जर डिपो), रविंद्र (झज्जर डिपो) व पुष्पराज राणा (करनाल डिपो) शामिल हैं। कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

नशा तस्करी में सजा काट चुके आरोपी का मकान किया कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नशा तस्करी के मामले में सजा काट चुके आरोपी पर जाखल पुलिस ने अब उसकी संपत्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने चुहड़पुर निवासी जोगिंद्र सिंह के टोहाना की कल्याण बस्ती, राजनगर स्थित करीब 60 लाख रुपये कीमत के तीन मंजिला मकान को कुर्क कर लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मकान खाली करवाया गया और इसके बाद संपत्ति प्रशासनिक कब्जे में ले ली गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के निर्देश पर थाना जाखल प्रभारी निरीक्षक बलराज सिंह के नेतृत्व में की गई। जोगिंद्र

सिंह के खिलाफ वर्ष 2000 में जाखल थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान उसके कब्जे से 50 कट्टों में 2000 किलो चूरापोस्त बरामद किया था। उसे 4 नवंबर 2003 को 10 साल के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई थी।

खबर संक्षेप

मुरथल विवि वीसी का कार्यकाल बढ़ा

चंडीगढ़। राज्यपाल एवं दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलाधिपति प्रो. आशीम कुमार घोष ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रकाश सिंह का कार्यकाल आगे बढ़ा दिया है। इस संबंध में हरियाणा लोक भवन की ओर से 7 सितंबर को अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार प्रो. प्रकाश सिंह का कार्यकाल 7 सितंबर के बाद भी अगले आदेश तक या नए कुलपति की विधिवत नियुक्ति होने तक, जो भी पहले हो, जारी रहेगा। यह निर्णय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

महंगाई की आग में झुलस रही जनता : अभय चौटाला

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता आज बेतहाशा बढ़ रही महंगाई की आग में झुलस रही है। सरकार की जनविरोधी नीतियों ने आम आदमी की जेब पूरी तरह से खाली कर दी है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, सब्जियां और आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यम वर्ग इस महंगाई के बोझ तले कराह रहा है। भाजपा सरकार ने जनता से ये वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद महंगाई नियंत्रित रहेगी, लेकिन वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। बीजेपी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों, बेहिसाब टैक्स बढ़ाने और जनविरोधी फैसलों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है।

आज सीएम आवास का घेराव करेंगे कांग्रेसी

चंडीगढ़। हरियाणा युवा कांग्रेस मंगलवार को दोपहर 12 बजे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आवास का घेराव करेगी। प्रदर्शन का नेतृत्व अखिल भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष भान चिब करेंगे। इस अवसर पर एआईसीसी प्रभारी हरियाणा संजय दत्त, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सोमिल संधू सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। हरियाणा युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, कोठी सेक्टर-9बी, चंडीगढ़ में एकत्र होंगे जहां से वे सभी एक साथ मुख्यमंत्री आवास जाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में निर्णय

प्रदेश के दसवीं और बारहवीं के पांच लाख विद्यार्थियों को मिलेंगे टैबलेट

स्वास्थ्य विभाग के लिए 59 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की खरीद को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में सोमवार को कई अहम फैसले लिए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी (एचपीपीसी) की बैठक में विद्यार्थियों को पांच लाख टैबलेट देने और उनके लिए डाटा सिम की खरीद को मंजूरी दी गई। वहीं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्रदेश में 59 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिली। बैठक में उच्चतर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अलावा मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सरकार ने कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए पांच लाख टैबलेट उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इनके लिए डाटा सिम की खरीद की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में एनएचएम के तहत दक्षिण जोन के लिए 33 और उत्तर जोन के लिए 26 एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, यानी कुल 59 एंबुलेंस की खरीद को मंजूरी दी गई। इनसे गंभीर मरीजों को आपात स्थिति में बेहतर और समयबद्ध चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। कमेटी ने हैफेड द्वारा संचालित असंध शुगर मिल के वार्षिक ओवरहालिंग, मरम्मत, रखरखाव और सामान सहित एक वर्ष तक संचालन के लिए 11.90 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी। बैठक में कुल मिलाकर 90 करोड़ रुपये से अधिक के सेवा कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई।

गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी शिक्षा पर फोकस

हरियाणा सरकार का फोकस विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने पर है, ताकि वे वर्तमान समय और रोजगार की बदलती जरूरतों के अनुरूप दक्ष हो सकें। बैठक में हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के लिए 220 वोल्ट की ट्यूबलर टाइप लीड एसिड बैटरियों की खरीद प्रक्रिया को मंजूरी दी गई। इसमें 100 एएच, 200 एएच और 120 एएच समेत पांच प्रकार की बैटरियां शामिल हैं।

विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी

चंडीगढ़। वहीं हरियाणा निवास में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में भी आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ जलापूर्ति, बिजली और सड़क से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी समक्ष कुल 12 एजेंडा रखे गए, जिनकी कुल अनुमानित लागत 473.17 करोड़ रुपये थी। इनमें से 3 एजेंडा री-टेंडर किए जाने के बाद शेष 9 एजेंडा प्रस्तावों का कुल मूल्य 297.46 करोड़ रुपये रहा। विभिन्न बोलीदाताओं के साथ विस्तृत नेगोसिएशन के उपरांत इन कार्यों की दरें पुनर्निर्धारित की गईं, जिससे प्रस्तावों का मूल्य 283.20 करोड़ रुपये तय हुआ और लगभग 14.26 करोड़ रुपये की बचत सुनिश्चित हुई।

लाडो लक्ष्मी लाभार्थियों को अन्य योजनाओं का लाभ भी मिलेगा

■ 1.80 लाख रुपये सालाना आमदनी वाले परिवारों की महिलाओं को भी मिलेगा लाभ

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की है और इस योजना का लाभ लेने वाली अथवा इसके लिए पंजीकरण करवाने वाली किसी भी माता-बहन को किसी भी अन्य सरकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए पहले परिवार की अधिकतम आय 1 लाख रुपये होने की शर्त थी जिसे अब बढ़ाकर 1.80 लाख रुपये किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि कुछ विपक्षी दलों के नेता महिलाओं के बीच यह भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं कि यदि महिलाओं ने लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण किया तो उनके अन्य पेंशन जैसे लाभ बंद हो जाएंगे लेकिन इस बात में कोई सच्चाई नहीं है। लाडो लक्ष्मी योजना के लिए पंजीकरण करवाने अथवा इस योजना का लाभ लेने वाली सभी माताओं-बहनों को अन्य सभी योजनाओं के लाभ पहले की तरह ही मिलते रहेंगे।

स्वास्थ्य विभाग को मिले 430 नए डॉक्टर, नियुक्ति पत्र जारी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हेल्थकेयर को बेहतर बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। इसके तहत 430 मेडिकल ऑफिसर्स की भर्ती की गई है और सभी चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं। बड़े पैमाने पर की गई यह भर्ती हरियाणा की पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम को नई ऊर्जा देगी। इससे जिला और सब-डिविज़नल सिविल अस्पतालों में स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध होंगे, जबकि एमबीबीएस मेडिकल ऑफिसर्स कम्युनिटी और प्राइमरी हेल्थ सेंटर्स में इलाज की व्यवस्था को मज़बूत करेंगे।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि 430 मेडिकल ऑफिसर्स की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और सोमवार को सभी चुने गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए। ये पत्र सोमवार से उम्मीदवारों को भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नए भर्ती हुए डॉक्टर कई महत्वपूर्ण मेडिकल क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं, जिससे सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्पेशलिस्ट सेवाओं का और विस्तार होगा।

स्वास्थ्य सेवाएं होंगी मजबूत : डॉ. मिश्रा

नियुक्तियों में सर्जरी में 11, एनेस्थीसिया में 18, ऑर्थोपेडिक्स में 19, पीडियाट्रिक्स (बच्चों के रोग) में 19, साइकियाट्री (मानसिक रोग) में 4, ऑप्थल्मोलॉजी (आंखों के रोग) में 11, ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी (प्रसूति और स्त्री रोग) में 16, पैथोलॉजी में 18, फार्माकोलॉजी में 4, बायोकेमिस्ट्री में 1, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी में 3, मेडिसिन में 14, माइक्रोबायोलॉजी में 1, रेस्पिरेटरी मेडिसिन में 4, रेडियो डायग्नोसिस में 4, फैमिली मेडिसिन में 2, फोरेंसिक मेडिसिन में 5, डर्मेटोलॉजी (त्वचा रोग) में 3, कम्युनिटी मेडिसिन में 6 और ईएनटी (कान, नाक, गला) में 4 डॉक्टर शामिल हैं।

अनुबंधित कर्मियों के पंजीकरण की समय-सीमा बढ़ी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 तथा नियम, 2025 के तहत पात्र अनुबंध कर्मचारियों के पंजीकरण एवं सत्यापन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की समय-सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा पत्र जारी किया गया है।अब वेब पोर्टल पर पात्र अनुबंध कर्मचारियों का पंजीकरण 30 सितंबर तक किया जा सकेगा। पंजीकरण के बाद आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) द्वारा आवेदनों का सत्यापन 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके पश्चात संबंधित विभागाध्यक्ष डीडीओ से प्राप्त आवेदनों का सत्यापन 31 अक्टूबर तक पूरा करेंगे। समय-सीमा बढ़ाने का उद्देश्य पात्र अनुबंध कर्मचारियों को पंजीकरण पूरा करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना है।

शुगर मिल के एमडी को अकेले नहीं हटा सकते डीसी : हाईकोर्ट

चंडीगढ़। सहकारी संस्थाओं में सरकारी हिस्सेदारी या किसी अधिकारी का पद उसे संस्था के वैधानिक अधिकारों से अधिक शक्ति नहीं देता। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने सोनीपत सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक के खिलाफ हुई विभागीय कार्रवाई को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। जस्टिस संदीप मौदगिल ने कहा कि किसी सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का अधिकार मिल की अपनी प्रबंधन समिति के पास है। केवल उपयुक्त पद पर बैठे अधिकारी या हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल संघ के प्रबंध निदेशक के पत्र के आधार पर ऐसी कार्रवाई नहीं की जा सकती। मामला सोनीपत सहकारी चीनी मिल के तत्कालीन प्रबंध निदेशक अश्वनी कुमार से जुड़ा है। वह हरियाणा सिविल सेवा के अधिकारी हैं और तीन सितंबर 2019 को उन्हें मिल का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया था। मिल के विस्तार से जुड़ी एक परियोजना में ठेकेदार को भुगतान किए जाने के बाद तकनीकी सलाहकार ने काम और उपकरणों की आपूर्ति को लेकर आपत्तियां उठाई थीं।

साइबर क्राइम से निपटने के लिए एआई का होगा इस्तेमाल

■ मुख्य सचिव ने आरबीआई के अधिकारियों के साथ की बैठक

चंडीगढ़। हरियाणा में वित्तीय धोखाधड़ी और साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय जागरूकता, निवेशक संरक्षण और विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय को और मजबूत किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने यहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की राज्य स्तरीय समन्वय समिति (एसएलसीसी) की 16वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्तीय धोखाधड़ी के बदलते स्वरूप, उभरते साइबर खतरों तथा तकनीक आधारित सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पीएसीएल लिमिटेड मामले में 36 लाख से अधिक निवेशकों को कुल 3,864 करोड़ रुपये की राशि वापस की जा चुकी है।

आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अनियमित वित्तीय गतिविधियों से संबंधित शिकायतों और बाजार खुफिया सूचनाओं के लिए महत्वपूर्ण 'सचेत' पोर्टल का 25 जून, 2026 को नया संस्करण शुरू किया गया है।

एबीवीपी और भाजयुमो का दुनिया के प्रमुख युवा संगठनों में शुमार: नायब

पंचकूला। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा की युवा शक्ति प्रदेश के विकास और प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा युवा मोर्चा केवल राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। मुख्यमंत्री सोमवार को पंचकूला स्थित पंचकमल प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अक्षित दहिया के पदभार ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अक्षित दहिया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एबीवीपी और भाजयुमो का दुनिया के प्रमुख युवा संगठनों में शुमार है।

गुरु रविदास जयंती समारोह के लिए सीएम सैनी को निमंत्रण

चंडीगढ़। श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरु रविदास सेवा सोसाइटी नाभा की ओर से आयोजित होने वाले धार्मिक एवं सामाजिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष परमजीत सिंह कैंथ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को निमंत्रण दिया। कैंथ ने सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह, महासचिव अमर सिंह सहित प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

जन सेवा संकल्प : सूरजकुंड में होगा जनसेवक महाकुंभ : गुप्ता

पीएम की नीतियों को जन- जन तक पहुंचाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार और संगठन मिलकर जन-जन को अभियान का भागीदार बनाने को लेकर 10 सितंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। अभियान के समापन अवसर पर प्रदेश के सूरजकुंड में जनसेवक महाकुंभ का भी आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि विकसित भारत का संकल्प लेंगे। सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने चंडीगढ़ में प्रेस कांन्फ्रेंस के दौरान सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा में इसे व्यापक जनभागीदारी का अभियान बनाया जाएगा।

10 को सरकार व संगठन की बैठक : प्रदेश अध्यक्ष

गुप्ता ने बताया कि 10 सितंबर को सरकार और संगठन की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनका पूरा मंत्रिमंडल तथा प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में अभियान की तैयारियों, कार्यक्रमों और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया के साथ होगी, जिसमें बूथ स्तर पर कार्यकर्ता परिवारों और लाभार्थियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करेंगे, वहीं विभिन्न संगठनों के साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। इसके बाद कार्यक्रमों की श्रृंखला सेवक चित्र, सेवा स्मरण, आंगन का मिलन, कहानी बदलाव की, वड़नगर से वाराणसी, सेवा ज्योति यात्रा, 25 साल-25 कहानी, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, सेवा रंग, हैकाथान एवं इनोवेशन व जनसेवक महाकुंभ का आयोजन होगा।

हरियाणा को प्रमुख एआई हब के रूप में विकसित किया जाएगा : आरती

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश को डिजिटल रूप से सशक्त और अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए सरकार निरंतर कदम उठा रही है। हरियाणा को जल्द ही एक प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ई-गवर्नेंस और अंतिम व्यक्ति तक सरकारी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में 25,201 अटल सेवा केंद्र पंजीकृत हैं। इनमें 17,085 ग्रामीण और 8,116 शहरी क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से 75 विभागों, बोर्डों और निगमों की 946 ऑनलाइन सेवाएं एवं योजनाएं लोगों को घर बैठे उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा डिजीलॉकर सेवा को अपनाने वाले अग्रणी राज्यों में शामिल है। इसके माध्यम से 228 प्रकार के दस्तावेज और प्रमाण-पत्र डिजिटल सत्यापन के लिए उपलब्ध हैं।

फसलों की बुआई व कटाई की पीक अवधि अधिसूचित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने राज्य में रबी और खरीफ फसलों की बुआई तथा कटाई की पीक अवधि अधिसूचित कर दी है। यह अधिसूचना विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के तहत जारी की गई है। विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा 26 अगस्त, 2026 को जारी अधिसूचना में अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (2) के तहत राज्य में फसलों की बुआई और कटाई के लिए पीक अवधि निर्धारित की गई है। अधिसूचना के अनुसार रबी फसलों की बुआई की पीक अवधि 8 नवंबर से 18 तक निर्धारित की गई है। वहीं खरीफ फसलों की बुआई की पीक अवधि 25 जून से 15 जुलाई तक रहेगी। रबी फसलों की कटाई के लिए दो पीक अवधि निर्धारित की गई हैं। पहली अवधि 1 से 10 मार्च और दूसरी 1 से 10 अप्रैल तक होगी। खरीफ फसलों की कटाई की पीक अवधि 28 अक्टूबर से 6 नवंबर तक निर्धारित की गई है।यह अधिसूचित कार्यक्रम राज्य के सभी 23 जिलों में लागू होगा। इनमें अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद सहित अन्य जिले शामिल है।

सफल योजना :1720 ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार की सफल योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक तकनीकी शिक्षा और रोजगार के नए द्वार खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए हारट्रॉन द्वारा सफल योजना के तहत आयोजित छात्रवृत्ति का 6 सितंबर को प्रदेशभर में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। परीक्षा में 1,720 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से योजना के तहत चयनित 1,000 पात्र विद्यार्थियों को आधुनिक आईटी क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण के साथ निर्धारित पाठ्यक्रम फीस में 75 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद पटौदी जटौली मण्डी	एमसीपीजेएम में विभिन्न स्थानों पर वार्ड नं. 21 और 22 में एम.सी. भूमि पर चारदिवारी का निर्माण + 6 कार्य।	02.09.2026 12.09.2026	96,29,262/-	https://etenders.hry.nic.in	8826797251 [illegible]@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48967/I/88/6 दि. 07.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका कलानौर	एसबीएम 2.0. के तहत नगर पालिका कलानौर क्षेत्र में विभिन्न आईईसी गतिविधियों का प्रावधान + 1 कार्य।	03.09.2026 12.09.2026	62,35,385/-	https://etenders.hry.nic.in	9802401200 [illegible]@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48965/I/88/6 दि. 07.09.26

दी रोहतक जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित
THE ROHTAK DISTRICT PRIMARY CO-OPERATIVE AGRI. & RURAL DEVELOPMENT BANK LTD.
H.O.-Rohtak Ph. : 01262-282099

Ref. No. Sep.I — Dated : 07.09.2026

सूचना

दी रोहतक जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित, रोहतक के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आम सभा की वर्ष 2025-26 की 20वीं बैठक दिनांक 30.09.2026 को बैंक परिसर चाणक्यपुरी, नजदीक सोनीपत रोड, रेलवे फाटक के पास, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दी रोहतक जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित रोहतक के कार्यालय में सुबह 11.30 बजे होनी निश्चित हुई है। बैंक के सभी सदस्यों से अनुरोध है कि आप सभी निश्चित तिथि, समय व स्थान पर पहुंच कर बैठक में भाग लेने का कष्ट करें। आम सभा की बैठक का एजेन्डा निम्न प्रकार है :-

1. आम सभा की पिछली बैठक दिनांक 30.09.2025 की कार्यवाही की पुष्टि करने बारे विचार।
2. वर्ष 2025-26 के तुलन-पत्र व लाभ-हानि खातों को अनुमोदित करने बारे विचार।

हस्ता/- मुख्य कार्यकारी अधिकारी
दी रोहतक जिला प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक सीमित, रोहतक

सड़क हादसों में महिला समेत दो की मौत

■ राठधना के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, दिवान फार्म के निकट बाइक की टक्कर से बुजुर्ग ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहला हादसा एनएच-334बी पर राठधना के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया।

दूसरे मामले में दिवान फार्म के पास बाइक की टक्कर लगने से घायल 71 वर्षीय बुजुर्ग ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। गांव छतेहरा बहादुरपुर निवासी साहिल ने बताया कि शनिवार को वह बाइक से कुंडली जा रहा था। उसका भाई लक्की मां अनिता को बाइक पर बैठाकर आगे चल रहा था। राठधना के पास शराब ठेके के पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

अस्पताल में अनिता की मौत हो गई, जबकि लक्की का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दूसरे मामले में बंदेपुर निवासी धर्मबीर ड्यूटी से मोपेड पर घर लौट रहे थे। दिवान फार्म के पास बाइक ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-13-2026-27

वरि. मंडल विद्युत अभियंता / क.वि. / उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाये आमंत्रित करते है। इन निविदाओ को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा बंद/खुलने की तिथि	लगभग लागत	धरोहर राशि	कार्य पूरा करने की अवधि	वैधता अवधि	टेण्डर फॉर्म की कीमत
1.	ETrU-T-13-2026-27	अंबाला डिवीजन के अंतर्गत हिंडन केबिन से सनेहवाल सेक्शन में, 800 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर के स्थान पर 1600 Amp सिंगल पोल आइसोलेटर लगाने का प्रावधान हेतु कार्य।	29.09.2026	₹ 1,34,25,357.00/-	₹ 2,68,500/-	08 महीने	60 दिन	Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 5,000/- Sr. DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए)

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागु हैं एव इस प्रकार है: Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

संख्या : ETrU-T-13-2026-27 दिनांक 07.09.2026 — 3072/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

कार्य का नाम	"इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट, एन. रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप में 2086 मैन-डे (298 दिन) के लिए 07 डेटा एंट्री ऑपरेटरों की हायरिंग और साथ ही PC और प्रिंटर की खरीद।"		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	28.09.2026 प्रातः 11:30 बजे।	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	05.09.2026
पूर्व-बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री-बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 28,33,497.52/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप।
अग्रिम धन	रु. 56,700/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज़ लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	298 दिन
बोली आरंभ तिथि	14.09.2026	बोली समाप्ति तिथि	28.09.2026 प्रातः 11:30 बजे।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय : उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।			
वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर जाएं			

सं.: 56/W/इलेक्ट/25-26/T/16/RT डीईओ की भर्ती — 3060/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

वृद्धाश्रमों व वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं पर रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सभी राज्यों से वृद्धाश्रमों और वरिष्ठ नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में ताजा स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत 2016 में दायर एक लंबे समय से लंबित जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में बुजुर्गों के कल्याण और संरक्षण के लिए उठाए गए उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की गई है। सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची तथा वी. मोहना की पीठ ने डॉ. अश्विनी कुमार द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे शुद्धिपत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर 07.09.2026 से 11.09.2026 तक होने वाला प्रशिक्षण कार्यकम अब 14.09.2026 से 18.09.2026 तक होगा। अब निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है :

क्र. सं.	दिनांक	प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में)	प्रशिक्षण का विषय	प्रशिक्षणार्थियों की संख्या
1	14.09.2026 से 18.09.2026	5	उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेती पर प्रशिक्षण	10

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएंगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान श्री विकास श्योराण, उद्यान विकास अधिकारी (Mob No-9255971187) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 11.09.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आएं।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 11.09.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्युनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतु आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जाएगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/-परियोजना अधिकारी कम विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
पीआरडीएच-1149/11/1195/2027/48990/88/6 दि. 07.09.26 **मुनीमपुर, झज्जर।**

थाना सदर **जिला रेवाड़ी**

गुमशुदा तलाश

कान्ता पत्नी रूपचंद निवासी कुम्भावास थाना सदर रेवाड़ी
उम्र- 49 वर्ष कद - करीब 5 फुट 3 इंच
हुलिया - रंग गेहुंआ, मानसिक रूप से असंतुलित
जो दिनांक 12.08.2026 को समय। करीब 10.00 ए.एम बिना बताए घर से कहीं चली गई है, जिस संबंध में मुकदमा नं. 172 दि. 21.08.2026 धारा 127 (6) बी. एन. एस थाना सदर रेवाड़ी। दर्ज रजिस्टर किया गया है।
अगर किसी को भी गुमशुदा महिला का पता चलने बारे में जानकारी मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
सम्पर्क नम्बर-
1. **अनुसंधानकर्ता** - 9416479370
2. **प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी**- 7056666123
3. **थाना सदर रेवाड़ी**- 01274-222621
4. **कंट्रोल रूम रेवाड़ी**- 01274-225156, 9306952004

थाना सदर **जिला रेवाड़ी**

गुमशुदा तलाश

गीता देवी उर्फ बबली पुत्री रतिराम निवासी नयागांव दौलतपुर थाना सदर रेवाड़ी
उम्र- 49 वर्ष
कद- करीब 5 फुट 4 इंच
हुलिया- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, पतला शरीर,
पहनावा- गुलाबी सूट व सलवार, पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।
जो दिनांक 22.08.2026 को समय दोपहर करीब 1:30 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई है, जिस संबंध में मुकदमा नं.-175 दिनांक 26.08. 2026 धरा 127 (6) बीएनएस थाना सदर रेवाड़ी दर्ज रजिस्टर किया गया है। अगर किसी को भी गुमशुदा महिला का पता चलने बारे में जानकारी मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।
सम्पर्क नम्बर:-
1. **अनुसंधानकर्ता** - 9416479370
2. **प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी** - 7056666123
3. **थाना सदर रेवाड़ी** - 01274 222621
4. **कंट्रोल रूम रेवाड़ी** - 01274-225156, 9306952004

थाना सदर **जिला रेवाड़ी**

गुमशुदा तलाश

अमर कुमार पुत्र फटूस ऋषि
निवासी- श्रीपुर थाना भवानीपुर बिहार हाल रामगढ़ थाना सदर रेवाड़ी
उम्र - 15 वर्ष कद करीब 4 फुट 6 इंच
हुलिया- रंग सांवला, पतला चेहरा, पतला शरीर, बोलने में असमर्थ (गूंगा)
पहनावा- सफेद रंग की शर्ट, हरे रंग की लोवर, पैरों में चप्पल पहने हुए है।
जो दिनांक 23/03/2025 को समय करीब प्रातः 07:00 बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया है, जिस संबंध में मुकदमा नं0 50 दिनांक 27/03/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना सदर रेवाडी दर्ज रजिस्टर किया गया है।
अगर किसी को भी गुमशुदा लड़के का पता मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें-
सम्पर्क नम्बर-
1. **अनुसंधानकर्ता - 9416479370**
2. **प्रबंधक अफसर सदर रेवाड़ी- 7056666123**
3. **थाना सदर रेवाड़ी - 01274-222621**
4. **कंट्रोल रूम रेवाड़ी - 01274-225156, 9306952004**

पीआरडीएच-1084/11/5294/2027/48987/88/6 दि. 07.09.26

गोवा में गृहमंत्री शाह ने की पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

पश्चिमी क्षेत्रों को देश के लिए बेहद अहम बताया

मोदी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया

एजेंसी ▶▶ पणजी

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पणजी, गोवा में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 28वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सीएम प्रमोद सावंत, भूपेंद्र पटेल, देवेंद्र फडणवीस और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के प्रशासक प्रफुल पटेल सहित केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। शाह ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र देश के लिए बेहद अहम है और यह भारत का सबसे बड़ा आर्थिक, औद्योगिक और वित्तीय केंद्र है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रशासनिक सुधारों के जरिए देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया गया है।

'वेस्ट इंजन' है, व्याख्या भी की

शाह ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र को देश की आर्थिक वृद्धि का 'वेस्ट इजन' कहा जा सकता है। इसमें डब्ल्यू यानी वेल्थ और फाइनेंस, ई यानी एक्सपोर्टऔर पोर्टस, एस यानी स्टार्ट अप्स और सेमीकंडक्टर तथा टी यानी टूरिज्म और ब्ल्यू इकोनॉमी शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में पश्चिमी क्षेत्र की देश में बड़ी हिस्सेदारी है। गोवा में पर्यटक आते हैं, जिनमें करीब 5 लाख विदेशी पर्यटक हैं।

मोदी का कार्यक्रम : घंटे भर में ही सीटें फुल, पहली बार बुकमाइशो पर रजिस्ट्रेशन

वडोदरा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वडोदरा में होने वाले कार्यक्रम के लिए लोगों में गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। पहली बार पीएम मोदी के कार्यक्रम में डिजिटिल बुकिंग का ऑप्शन रखा गया और देखते ही देखते सीटें फुल हो गईं। इसके लिए बुक माई शो पर रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी गई थी। पहले घंटे भर में ही कार्यक्रम की सभी सीटें बुक हो गईं। इस कार्यक्रम के लिए लोगों की एंट्री भी डिजिटल तरीके से होगी। पीएम मोदी मंगलवार को वडोदरा में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम के लिए रजिस्ट्रेशन मैनेज करने के लिए वडोदरा म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने 'बुकमाईशो' के जरिए मुफ्त रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू की। इसके बाद रजिस्ट्रेशन बंद कर दिया गया और 42,000 से ज्यादा लोगों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया।

भाषाई विरासत और सांस्कृतिक एकता पर जोर, पहचान न खोएं

उपराष्ट्रपति ने गुवाहाटी को दी सौगात

गुवाहाटी (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुवाहाटी यूनिवर्सिटी में 110 करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की आधारशिला रखी। इनमें एक नई मल्टी-डिसिप्लिनरी एकेडमिक बिल्डिंग, छात्रों के लिए नया हॉस्टल तथा ऑडिटोरियम व लाइब्रेरी से जुड़े काम शामिल हैं।

उप-राष्ट्रपति ने गुवाहाटी यूनिवर्सिटी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। यह विवि 26 जनवरी 1948 को पूर्वोत्तर भारत की पहली यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित हुई थी। उन्होंने बताया कि यह संस्थान क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जिसे नैक ए प्लस एक्रेडिटेशन मिला है और 2025 में राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 9वीं रैंक हासिल हुई है। भाषाई विरासत को संरक्षित करने के विवि के प्रयासों को सराहा और कहा कि भाषा किसी सभ्यता की यादों, ज्ञान और पहचान को संजोकर रखती है।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

Sn	Lot No.	Description	Auction Start Date Time
1	MSS-UMB-UMB-SIPod-131-26-1	अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन (एनएसजी–2 श्रेणी) पर मौजूदा भवन को आधुनिक सुविधाओं के साथ कुल 256.60 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्लीपिंग पॉड्स में परिवर्तित कर स्लीपिंग पॉड्स का नवीनीकरण (उन्नयन), संचालन, रखरखाव एवं प्रबंधन (स्थल योजना के अनुसार)	21.09.2026 12.00.00 hrs
2	MSS-UMB-SML-MedStn-132-26-1	शिमला रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना एवं संचालन (स्थल योजना के अनुसार)	21.09.2026 12.00.00 hrs
3	MMS-HRC-202686-2-26-1	गाड़ी संख्या 12045/46 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस के सभी एक्जीक्यूटिव एवं चेयर कार कोचों की समस्त सीटों पर हेड रेस्ट कवर एवं फूड ट्रे के प्रावधान के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन अधिकार (संलग्न कोच संरचना के अनुसार)	21.09.2026 12.00.00 hrs

–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। 3071/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण/आंशिक निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन/ अतिरिक्त अस्थायी ठहराव और प्लेटफॉर्म में बदलाव

अंबाला मंडल के चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 10.09.2026 से 15.10.2026 के बीच ट्रैफिक ब्लॉक लिया जायेगा। इस अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ निरस्त/आंशिक निरस्त रहेंगी/परिवर्तित मार्ग से चलाई जायेंगी और कुछ रेलगाड़ियों को अतिरिक्त अस्थायी ठहराव प्रदान किया जायेगा एवं प्लेटफॉर्म में भी बदलाव किया जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:–

रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	निरस्तीकरण की तिथि(यों) (आरंभिक स्टेशन से)
14331 दिल्ली जं.–कालका एक्सप्रेस	09.09.2026 से 15.10.2026
14332 कालका–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	10.09.2026 से 16.10.2026
54532/54531 कालका–अंबाला छावनी–कालका पैसेंजर	10.09.2026 से 15.10.2026
14541 चंडीगढ़–अमृतसर एक्सप्रेस	09.09.2026 से 15.10.2026
14542 अमृतसर–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	10.09.2026 से 16.10.2026
14630 फिरोजपुर कैंट–चंडीगढ़ सतलुज एक्सप्रेस	09.09.2026 से 15.10.2026
14629 चंडीगढ़–फिरोजपुर कैंट सतलुज एक्सप्रेस	10.09.2026 से 16.10.2026
74646 जलंधर सिटी–अंबाला छावनी डीएमयू	09.09.2026 से 15.10.2026
74645 अंबाला छावनी–जलंधर सिटी डीएमयू	10.09.2026 से 16.10.2026
74991 अंबाला छावनी–दौलतपुर चौक डीएमयू	09.09.2026 से 15.10.2026
74992 दौलतपुर चौक–अंबाला छावनी डीएमयू	10.09.2026 से 16.10.2026

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी	स्टेशनों के मध्य आंशिक निरस्त	तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से)
15063/15064 रामनगर–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	अंबाला छावनी पर	अंबाला छावनी–चंडीगढ	14, 21, 28.09.2026 एवं 05, 12.10.2026
15064 चंडीगढ़–रामनगर एक्सप्रेस	अंबाला छावनी से	चंडीगढ़ अंबाला छावनी	14, 21, 28.09.2026 एवं 05, 12.10.2026
12983 अजमेर जं.–चंडीगढ़ गरीब रथ	अंबाला छावनी पर	अंबाला छावनी–चंडीगढ़	11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27, 29.09.2026 एवं 02, 04, 06, 09, 11, 13.10.2026
12984 चंडीगढ़–अजमेर जं. गरीब रथ	अंबाला छावनी से	चंडीगढ़–अंबाला छावनी	12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28, 30.09.2026 एवं 03, 05, 07, 10, 12, 14.10.2026
20989 उदयपुर सिटी–चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस	अंबाला छावनी पर	अंबाला छावनी–चंडीगढ़	23, 26, 30.09.2026 एवं 03, 07, 10, 14.10.2026
20990 चंडीगढ़–उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	अंबाला छावनी से	चंडीगढ़–अंबाला छावनी	24, 27.09.2026 एवं 01, 04, 08, 11, 15.10.2026

नोट: (i) अंबाला कैंट में रेलगाड़ी संख्या 12983/12984 के शॉर्ट टर्मिनेशन/शॉर्ट ओरिजिनेशन के दौरान, रेलगाड़ी संख्या 54551 की टर्मिनल जाँच प्रत्येक शनिवार को लाइन नंबर 1A (प्लेटफॉर्म) पर की जाएगी।
(ii) रेलगाड़ी संख्या 20989 अंबाला छावनी पर अपनी सेवा समाप्त करेगी और यह अम्बाला छावनी से अपने निर्धारित प्लेटफॉर्म नंबर 1 के स्थान पर प्लेटफॉर्म नंबर 02 से अपनी सेवा आरंभ करेगी।

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	मौजूदा मार्ग	परिवर्तन मार्ग	स्टेशन जहां ठहराव नहीं होगा	तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से)
14615 लालकुआँ जं.–अमृतसर एक्सप्रेस	अंबाला छावनी–चंडीगढ़–सानेहवाल	अंबाला छावनी–सरहिंद–सानेहवाल	चंडीगढ़–साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर–न्यू मोरिंडा जं.	03.10.2026 एवं 10.10.2026
14616 अमृतसर–लालकुआँ जं. एक्सप्रेस	सानेहवाल–चंडीगढ़–अंबाला छावनी	सानेहवाल–सरहिंद–अंबाला छावनी	न्यू मोरिंडा जं.–साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर–चंडीगढ़	03.10.2026 एवं 10.10.2026

10.09.2026 से 15.10.2026 तक साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) पर अतिरिक्त अस्थायी ठहराव

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	तिथि (यॉं) (आरंभिक स्टेशन से)
18309 सम्बलपुर जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस	08.09.2026 से 13.10.2026
18310 जम्मू तवी–सम्बलपुर जं. एक्सप्रेस	09.09.2026 से 13.10.2026
18101 टाटानगर जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस	08.09.2026 से 13.10.2026
18102 जम्मू तवी–टाटानगर जं. एक्सप्रेस	09.09.2026 से 13.10.2026
11905/11906 आगरा छावनी–होशियारपुर–आगरा छावनी एक्स.	09.09.2026 से 14.10.2026
15531 सहरसा जं.–अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस	13, 20, 27.09.2026 एवं 04, 11.10.2026
15532 अमृतसर–सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस	14, 21, 28.09.2026 एवं 05, 12.10.2026
14631/14632 देहरादून–अमृतसर–देहरादून एक्सप्रेस	09.09.2026 से 14.10.2026

10.09.2026 से 21.09.2026 तक रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में बदलाव

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	निर्धारित बर्थिंग प्लेटफॉर्म	परिवर्तित बर्थिंग प्लेटफॉर्म
22686 चंडीगढ़–यशवंतपुर कर्नाटक सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	5	3
22685 यशवंतपुर–चंडीगढ़ कर्नाटक सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	6	4
20494 चंडीगढ़–मदुरै जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस	5	4
20493 मदुरै जं. –चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस	4	2
22452 चंडीगढ़–बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस	5	3
22451 बांद्रा टर्मिनस–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	5	4
14217 प्रयागराज संगम–चंडीगढ़ ऊँचाहार एक्सप्रेस	5	4
14218 चंडीगढ़–प्रयागराज संगम ऊँचाहार एक्सप्रेस	4	2
15903 डिब्रुगढ़–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	5	4
12450 चंडीगढ़–मडगाँव जं. गोवा सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	6	4
12218 चंडीगढ़–तिरुवनंतपुरम केरल सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	6	3
12046 चंडीगढ़–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस	6	3
20977/20978 अजमेर जं.–चंडीगढ़–अजमेर जं. वंदे भारत एक्सप्रेस	6	1
22355/22356 पाटलिपुत्र जं.–चंडीगढ़–पाटलिपुत्र जं. एक्सप्रेस	6	4
14616 अमृतसर–लालकुआँ जं. एक्सप्रेस	3	1
13051 हावड़ा जं.–कालका नेताजी एक्सप्रेस	4	2
14610 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा–योग नगरी ऋषिकेश हेमकुंट एक्सप्रेस	2	1
12231 लखनऊ–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	4	2
22456 कालका–साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस	4	3
20989/20990 उदयपुर सिटी–चंडीगढ़–उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस	3	4
14632 अमृतसर–देहरादून एक्सप्रेस	2	1

22.09.2026 से 03.10.2026 तक रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में बदलाव

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	निर्धारित बर्थिंग प्लेटफॉर्म	परिवर्तित बर्थिंग प्लेटफॉर्म
12411 चंडीगढ़–अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस	3	2
15531 सहरसा जं.–अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस	3	1
14616 अमृतसर–लालकुआँ एक्सप्रेस	3	1
12217 तिरुवनंतपुर–चंडीगढ़ केरल सम्पर्क क्रांति सुपरफास्ट	3	5
22709 नान्देड–अम्ब अन्दौरा सुपरफास्ट एक्सप्रेस	3	1
12232 चंडीगढ़–लखनऊ एक्सप्रेस	3	5
12412 अमृतसर–चंडीगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस	3	2
13051 हावड़ा जं.–कालका नेताजी एक्सप्रेस	4	2
20493 मदुरै जं. –चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस	4	2
12231 लखनऊ–चंडीगढ़ एक्सप्रेस	4	2
14218 चंडीगढ़–प्रयागराज संगम ऊँचाहार एक्सप्रेस	4	2
22456 कालका–साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस	4	5
12449 मडगाँव जं.–चंडीगढ़ गोवा सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	4	5
15904 चंडीगढ़–डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस	4	5
14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–योग नगरी ऋषिकेश हेमकुंट एक्सप्रेस	2	1
15011/15012 लखनऊ जं.–चंडीगढ़–लखनऊ जं. एक्सप्रेस	3	6
22685 यशवंतपुर–चंडीगढ़ कर्नाटक सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस	6	5
14632 अमृतसर–देहरादून एक्सप्रेस	2	1

04.10.2026 से 15.10.2026 तक रेलगाड़ियों के प्लेटफॉर्म में बदलाव

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	निर्धारित बर्थिंग प्लेटफॉर्म	परिवर्तित बर्थिंग प्लेटफॉर्म
18310/18309 जम्मू तवी–सम्बलपुर जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस	1	4
14631 देहरादून–अमृतसर एक्सप्रेस	1	4
14632 अमृतसर–देहरादून एक्सप्रेस	2	3
18102/18101 जम्मू तवी–टाटानगर जं.–जम्मू तवी एक्सप्रेस	1	4
11905 अंबाला छावनी–होशियारपुर एक्सप्रेस	1	4
11906 होशियारपुर–अंबाला छावनी एक्सप्रेस	2	3
14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–कालका एक्सप्रेस	1	4
14503 कालका–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस	2	4
19307 इन्दौर जं.–ऊना हिमाचल एक्सप्रेस	1	4
19308 ऊना हिमाचल–इन्दौर जं. एक्सप्रेस	1	3
12006 कालका–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस	1	4
12005 नई दिल्ली–कालका शताब्दी एक्सप्रेस	1	5
19411 गांधीनगर कैपिटल–दौलतपुर चौक एक्सप्रेस	1	4
19412 दौलतपुर चौक–गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस	2	4
64563 रायपुर हरियाणा–अम्ब अन्दौरा डीईएमयू	1	3
64564 अम्ब अन्दौरा–रायपुर हरियाणा डीईएमयू	2	3
22447 नई दिल्ली–अम्ब अन्दौरा वंदे भारत एक्सप्रेस	1	3
14795 भिवानी जं.–कालका एकता एक्सप्रेस	1	5
14796 कालका–भिवानी जं. एकता एक्सप्रेस	2	4
12011 नई दिल्ली–कालका शताब्दी एक्सप्रेस	1	5
12012 कालका–नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस	1	3
22455 साईनगर शिर्डी–कालका एक्सप्रेस	1	5
12926/12925 अमृतसर–बांद्रा टर्मिनस–अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस	1	3
22448 अम्ब अन्दौरा–नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस	1	3
12057 नई दिल्ली–दौलतपुर चौक जनशताब्दी एक्सप्रेस	1	4
12058 दौलतपुर चौक–नई दिल्ली जनशताब्दी एक्सप्रेस	2	3
14609 योग नगरी ऋषिकेश–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुंट एक्सप्रेस	1	4
14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–योग नगरी ऋषिकेश हेमकुंट एक्सप्रेस	2	3
12045 नई दिल्ली–चंडीगढ़ शताब्दी एक्सप्रेस	1	3
13052 कालका–हावड़ा जं. नेताजी एक्सप्रेस	2	3
22710 अम्ब अन्दौरा–नान्देड सुपरफास्ट एक्सप्रेस	2	3
20493 मदुरै जं. –चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस	4	3
15011/15012 लखनऊ जं.–चंडीगढ़–लखनऊ जं. एक्सप्रेस	3	6
15532 अमृतसर–सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस	2	4
15531 सहरसा जं.–अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस	3	4

विस्तृत विवरण के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

इस साल त्योहारों में नहीं मिलेंगे ऐसे ऑफर? 50% डिस्काउंट या 2 पर 1 मुफ्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए कपड़े खरीदने के लिए अगर आप त्योहारों का इंतजार कर रहे हैं ताकि डिस्काउंट मिल सके तो आपको निराशा हाथ लग सकती है। इस साल फेस्टिव सीजन में आपको बहुत कम या न के बराबर डिस्काउंट देखने को मिल सकता है।

■ कपड़ा उद्योग ने इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है

रिटेलर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ कुमार राजगोपालन ने कहा है कि कपड़ा उद्योग ने इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है। उनके बयान के अनुसार, 'खुदरा व्यापारियों ने मैन्युफैक्चरिंग, ट्रांसपोर्ट और फाइनल पैकेजिंग की बढ़ती कॉस्ट को ध्यान में रखते हुए इस बार डिस्काउंट से दूरी बनाने का फैसला किया है।

उद्योग ने निर्माण, ट्रांसपोर्ट और पैकेजिंग की बढ़ती लागत को ध्यान रख डिस्काउंट से दूरी बनाई

कच्चे माल की स्थिति

राजगोपालन का कहना है कि मैन मेड फाइबर की लागत बढ़ने के साथ-साथ ईंधन की वजह से इनपुट कॉस्ट 15-20 फीसदी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में जो लागत बढ़ी उसका बोझ रिटेलर्स ने खुद ही झेला। उन्होंने कहा कि वैश्विक तनाव के कारण सप्लाई चेन को लेकर अनिश्चितता अभी भी बनी हुई है।

स्टाफ की कमी

राजगोपाल के अनुसार, रिटेल मार्केट के पास एक समस्या स्टाफ की कमी भी है। खासतौर पर दिल्ली और चेन्नई के खुदरा कपड़ा व्यापारियों के पास लोग नहीं हैं। जो लोग मिल रहे हैं वह काम के लिए सही नहीं हैं। राजगोपालन के अनुसार, 10 में से कोई 1 ही ऐसा मिल पा रहा है जो उस काम के लिए सही एटीट्यूड रखता हो।

सप्लाई चेन प्रभावित

सप्लाई चेन प्रभावित होने के कारण रिटेलर्स के पास एक और समस्या खड़ी हो गई है। राजगोपालन की मानें तो रिटेलर्स ने ओवरस्टॉकिंग से बचने के लिए माल कम मंगाया, अब उनके पास स्टॉक की ही कमी हो गई है। कंपनियां अब इस समस्या से निपटने के लिए बफर स्टॉक को बढ़ा रही हैं।

बड़ी कंपनियों को होगा कुछ फायदा

सीईओ ने आगे कहा कि इस बार लोगों को डिस्काउंट से नहीं नए-नए या अलग प्रोडक्ट्स से लुभाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि रिटेल शॉप्स को ग्राहकों को बेहतर अनुभव भी देना होगा ताकि लोग उनके पास आएं। बकौल राजगोपालन, बड़ी कंपनियों को फिर भी कुछ मुनाफा मिलेगा लेकिन रिटेलर्स को इस बार कितना फायदा होने वाला है इस पर संशय है। बता दें कि रिलायंस रिटेल, टाटा का ट्रेंट, अरविंद फैशन और आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल इस एसोसिएशन के सदस्य हैं।

दवा उद्योग से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया केंद्रीय मंत्री ने

चिकित्सा क्षेत्र में परीक्षण उपकरणों का 100 प्रतिशत खर्च उठाएगी सरकार : गोयल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा उपकरण विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन उपलब्ध कराने को तैयार है।

यहां दवा उद्योग से जुड़े दो कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि घरेलू कंपनियों को प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देना चाहिए तथा वैश्विक नवोन्मेषकों और बड़ी दवा कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित करना चाहिए।

घरेलू क्षमताओं को मजबूत किया जाएगा

गोयल ने कहा, ''हमें उच्च गुणवत्ता के साथ अपनी घरेलू क्षमताओं को मजबूत कर महत्वपूर्ण कलपुर्जों का परिवेश तैयार करना चाहिए। हमें साझा परीक्षण बुनियादी ढांचा सुविधाएं बनानी चाहिए, जहां इन उपकरणों का परीक्षण और मूल्यांकन किया जा सके, उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ मानकों के अनुरूप परखा जा सके और वैश्विक ग्राहकों के लिए

मरीजों को बीमा का भुगतान समय पर मिलें

मंत्री ने बीमा कंपनियों और स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी कंपनियों से ऐसे उत्पाद और मंच विकसित करने को कहा, जिससे मरीजों के लिए इलाज की प्रक्रिया अधिक सुगम हो और उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। उन्होंने उद्योग से देखभाल करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित और प्रमाणित करने तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं देने में सक्षम कुशल कार्यबल तैयार करने का भी आह्वान किया। उन्होंने अधिक अस्पतालों को ईमानदार और पारदर्शी उपचार पैकेज प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही।

लक्ष्य एक करोड़ मरीजों को सेवाएं देने का हो

गोयल ने कहा कि भारतीयों और विदेशियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं होना चाहिए। विदेशी मरीजों को आकर्षित करने के लिए गोयल ने विभिन्न देशों से आने वाले और अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले मरीजों के लिए दुभाषियों का एक समूह तैयार करने का सुझाव दिया। गोयल ने कहा, ''पिछले सात वर्षों में भारत के चिकित्सा मूल्य पर्यटन से जुड़े तंत्र से 35 लाख मरीज लाभान्वित हुए हैं। देश का लक्ष्य हर साल एक करोड़ मरीजों को सेवाएं देने का होना चाहिए।''

■ वैश्विक ग्राहकों के लिए उच्च गुणवत्ता उपकरण विकसित करने पर जोर

■ घरेलू कंपनियों को प्रौद्योगिकी साझेदारी करनी चाहिए

■ बड़ी दवा कंपनियों को भारत आने के लिए आमंत्रित करना चाहिए

अस्पतालों को नैतिक तौर-तरीकों का पालन करना चाहिए

गोयल ने कहा कि अस्पतालों को नैतिक तौर-तरीकों का पालन करना चाहिए और मरीजों को ठगने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक गलत कदम से भारत की साख, कारोबार और विश्वसनीयता को नुकसान पहुंच सकता है।गोयल ने कहा कि दुनिया भर में प्रदर्शनियों और प्रस्तुतियों का आयोजन करने, सुविधा केंद्र स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर अस्पतालों के साथ समझौते करने की जरूरत है।

हम सबसे आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के माध्यम से हम आपके उपकरणों के लिए सर्वश्रेष्ठ परीक्षण उपकरणों की लागत का 100 प्रतिशत वहन करने को तैयार हैं...भारत सरकार परीक्षण उपकरणों की खरीद के लिए 100 प्रतिशत धन देगी। आप हमसे मांग करें, आपकी ओर से कोई प्रस्ताव नहीं आया है। हम सबसे आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे।''

चंद्रशेखरन का यात्रियों का भरोसा फिर जीतने पर जोर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने सोमवार को कहा कि एक महत्वपूर्ण नए चरण में प्रवेश कर रही एयर इंडिया को यात्रियों का भरोसा दोबारा कायम करने और अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की आवश्यकता है। वहीं, एयरलाइन के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेवोल्डे गेब्रेमरियम ने कर्मचारियों से एयरलाइन के पुराने गौरव को लौटाने में मदद करने का आह्वान करते हुए कहा, 'मेक एयर इंडिया ग्रेट अगेन' (एयर इंडिया को फिर से महान बनाएंगे)। उन्होंने 20 फरवरी, 2027 को अपना मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने पर टाटा संस के चेयरमैन पद से हटने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद यह उनका पहला टाउन हॉल संबोधन था। चेयरमैन ने

■ नए सीईओ बोले- एयर इंडिया का गौरव वापस

एआई को खड़ा करने 10 साल लग सकते हैं : चंद्रशेखरन ने कहा कि एयर इंडिया को पूरी तरह खड़ा करने में तेजी से बदलाव के बजाय पांच से 10 साल का समय लग सकता है। एयर इंडिया के अधिग्रहण और बाद में विस्तारा के विलय के बाद से समूह नए विमानों के बेड़े, केबिन नवीनीकरण, प्रौद्योगिकी और एकीकरण में भारी निवेश कर रहा है। घाटे को नियंत्रित करने के टाटा समूह के प्रयासों के बीच एयर इंडिया ने 500 से अधिक नए विमान का ऑर्डर भी दे रखा है, जिससे भविष्य में बड़ी पूंजी लगाने की प्रतिबद्धता बनी हुई है।

औपचारिक रूप से 61 वर्षीय नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक गेब्रेमरियम का परिचय कराया, जो कैंपबेल विल्सन की जगह ले रहे हैं।

कर्मचारी बुनियादी बातों पर फिर ध्यान दें: गेब्रेमरियम

इस पृष्ठभूमि में, गेब्रेमरियम ने एयर इंडिया के कर्मचारियों को अपने पहले संबोधन में विमानन परिचालन की बुनियादी बातों पर फिर से ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। इथियोपियन एयरलाइंस समूह के पूर्व मुख्य कार्यकारी ने कहा कि एयर इंडिया के पास एक समृद्ध विरासत, एक मजबूत ब्रांड और अपार संभावनाएं हैं। उनके पास इस उद्योग में लगभग चार दशक का अनुभव है।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रा० प्रा० पा० मुरलीपुर (16629) खण्ड जाटूसाना जिला-रेवाड़ी के परिसर में स्थित 2 कमरे बरामदे सहित, 3 शौचालय व एक पानी की टंकी जो कि विभाग द्वारा कंडम घोषित किए गए है उनको ढहाने और उनके मलबे जैसे (ईट, लोहा व लकड़ी आदि) की बिक्री हेतु खुली सार्वजनिक नीलामी की जानी है। नीलामी की तिथि 10-09-2026 तथा समय 9 बजे से है। GST Registered इच्छुक व्यक्ति या फर्म निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होगा बोली लगा सकता है। सभी बोलीदाताओं को Base Price का 10% राशि 20,000/- (बीस हजार रु०) बोली लगाने से पूर्व जमा करानी होगी।

मुख्य शिक्षक, रा० प्रा० पा० मुरलीपुर (16629)
मो. 94660-43101, 87087-88153

SARPANCH GRAM PANCHAYAT KHALLAWAS
Block Dharuhera Distt. Rewari (Hr.) 123106

सूचित किया जाता है कि गांव खलियावास जिला रेवाड़ी में स्वच्छता के सुधार हेतु एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की जानी है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन फार्म सरपंच ग्राम पंचायत खलियावास ब्लाक धारुहेड़ा जिला रेवाड़ी के पास 14.09.2026 से 28.09.2026 तक जमा करवाएं।

हस्ता/- राजकुमार, सरपंच
ग्राम पंचायत खलियावास, जिला रेवाड़ी,
M. 9728908857

अदालत सूचना

बा अदालत सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी मातनहेल

विषय:- जमाबन्दी के खाना 5 (खाना काश्त) की प्रविष्टि को खाना नं.4 (मालिकाना हक) में दुरूस्त करने बारे

विषयाधीन मामले में बजरीये इश्तहार सूचित किया जाता है कि मैं प्रकाश देवो विधवा जयनारायण पुत्र श्योताज निवासी बहाला तहसील कोसली जिला रेवाडी बिस्वेदार खेडा थरू तह. मातनहेल जिला झज्जर की हूं।

मंडलायुक्त, रोहतक मंडल की अधिसूचना कमांक आर.ए./527 दिनांक 27-01-2026 के तहत मेरी खेवट नं. 16 वाका मौजा खेडा थरू तह. मातनहेल जिला झज्जर जमाबंदी के खाना 5 (खाना काश्त) की प्रविष्टि को खाना नं. 4 (मालिकाना हक) में दुरूस्त करवाना चाहती हूं। इस प्रविष्टि बारे जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी को कोई एतराज हो तो वह प्रकाशन के 10 दिन बाद तक अपने एतराज दे सकता है इसके बाद कोई अपील मान्य नही होगी। यह मेरे न्यायालय से दिनांक 07/09/2026 को जारी किया गया।

क्रमांक - 262/रीडर दिनांक:- 07/9/2026

तहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी, मातनहेल।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF Sh. Sagar Sharma
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
VIKAS
VS.
OMPAL ETC.
CNR No. HRSOA0-000270-2026
Next Date:- 05-10-2026

Suit for Declaration, Mandatory injunction and Permanent Injunction.

PUBLICATION ISSUED TO :
2. Bijender son of Jagdish now deceased through his LRs. iii) Preeti daughter of Late Bijender son of Jagdish son of Kishnu
2. Bijender son of Jagdish now deceased through his Lrs. iv) Sonia daughter of Late Bijender son of Jagdish son of Kishnu
3. Shri Shripal son of Jagdish son of Kisnu now deceased through his Lrs. iv) Poonam daughter of Late Shri Shripal son of Jagdish son of Kisnu All resident of Village Bega Tehsil Ganaur District Sonipat.

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 05-10-2026 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/-
Civil Judge (Junior Division)
Ganaur

Dated, this day of 07-09-2026

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सेंसेक्स 383 अंक टूटा, निफ्टी पहुंचा 23,800 अंक के नीचे

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 383 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 119 अंक नीचे आया। कच्चे तेल के दाम में तेजी, अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की संभावना से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 382.62 अंक टूटकर 76,132.81 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 544.91 अंक की गिरावट के साथ 75,970.52 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 23 नुकसान में रहे जबकि सात में तेजी रही। इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक जैसे शेयरों में गिरावट से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 118.55 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,779.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस में सबसे ज्यादा 3.81 प्रतिशत की गिरावट आई।

कमज़ोर वैश्विक रुख से सोना 650 रुपये टूटा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतों में सुस्ती रही और यह 650 रुपये टूटकर 1,60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक बाजार में गिरावट का असर घरेलू बाजार धारणा पर पड़ा। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमत लगातार दूसरे सत्र में 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रही। ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख, गौरव गर्ग ने कहा, ''उम्मीद से बेहतर अमेरिकी रोजगार आंकड़ों के बाद सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरें बढ़ाए जाने की संभावना बढ़ गई है, जिससे सोने पर दबाव बना रहा।

रुपया 13 पैसे टूटकर 94.56 प्रति डॉलर पर बंद हुआ

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे टूटकर 94.56 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक चुनौतियों ने विदेशी करेंसी डिपॉजिट के भारी अंतःप्रवाह से रुपये को मिली मदद के असर को खत्म कर दिया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी प्रवाह के चलते शुरुआती कारोबार में रुपये में मामूली मजबूती आई, लेकिन घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने निवेशकों की धारणा पर असर डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.40 प्रति डॉलर पर खुला।

राशिफल

मेष — वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

वृष — आशा-निराशा के भाव रहेंगे। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

सिंह — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग हैं।

धनु — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

मकर — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

कुंभ — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2026 के लिए जेयूआईटी ने आंतरिक हैकाथॉन का आयोजन किया

नई दिल्ली। जयपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने 22–23 अगस्त 2026 को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2026 के लिए अपने आंतरिक हैकाथॉन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। दो दिवसीय यह कार्यक्रम ऑफलाइन एवं रात्रिकालीन प्रारूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल, जेयूआईटी द्वारा किया गया। आयोजन का नेतृत्व प्रो. तीर्थ राज सिंह, एसोसिएट डीन (इनोवेशन) एवं वाइस प्रेसिडेंट, आईआईसी जेयूआईटी, ने विश्वविद्यालय के एसपीओसी डॉ. अमित कुमार, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर किया। हैकाथॉन का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. आर. के. शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें प्रो. आशीष कुमार, प्रो. विवेक सहगल, प्रो. पी. के. गुप्ता एवं डॉ. सौरभ श्रीवास्तव शामिल थे, उपस्थित रहे। विभिन्न विभागों के अन्य संकाय सदस्य एवं विभागाध्यक्ष भी उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। उद्घाटन सत्र के दौरान एसआईएच के पिछले संस्करण के दो राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं के साथ ऑनलाइन संवाद भी आयोजित किया गया। विजेताओं ने अपने अनुभव साझा किए और प्रतिभागी टीमों को नवाचार एवं समस्या- समाधान की दिशा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। 22 अगस्त को शाम लगभग 4:00 बजे बिल्ड फेज की शुरुआत हुई।

3,500 शो और 25 लाख दर्शक: भारतीय कला से ग्लोबल शो तक एनएमएसीसी बना बड़ा सांस्कृतिक मंच

मुंबई। भारतीय कला और दुनिया के बड़े सांस्कृतिक शो को एक मंच पर लाने की कोशिश ने तीन साल में बड़ा आकार ले लिया है। मार्च 2023 में शुरू हुए नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर यानी एनएमएसीसी में अब तक 3,500 से ज्यादा शो हो चुके हैं, करीब 25 लाख लोग पहुंच चुके हैं और 10,500 से ज्यादा कलाकार 15 से अधिक भाषाओं में अपनी कला पेश कर चुके हैं। एनएमएसीसी के मंच पर भारतीय कहानियों को भी बड़े प्रोडक्शन और आधुनिक तकनीक के साथ पेश किया गया। मुगल-ए-आजम: द म्यूजिकल, राजाधिराज: लव. लाइफ. लीला और एनएमएसीसी की अपनी प्रस्तुति द ग्रेट इंडियन म्यूजिकल: सिविलाइजेशन टू नेशन इसके बड़े उदाहरण हैं। वहीं स्टूडियो थिएटर और द क्यूब में हिंदी, गुजराती, मराठी और बंगाली समेत कई भाषाओं में थिएटर, संगीत, कॉमेडी और डांस के छोटे और प्रयोगधर्मी कार्यक्रम भी होते रहे हैं।दूसरी ओर भारतीय दर्शकों को दुनिया के बड़े मंचों की चर्चित प्रस्तुतियां मुंबई में देखने को मिलीं। द साउंड ऑफ म्यूजिक, वेस्ट साइड स्टोरी, माम्मा मिया!, द फैंटम ऑफ द ओपेरा और विकेड जैसे अंतरराष्ट्रीय शो एनएमएसीसी पहुंचे। यही वह सोच है जिसे एनएमएसीसी की संस्थापक नीता अंबानी ने शुरुआत में इस तरह रखा था, "भारत का सर्वश्रेष्ठ दुनिया को दिखाना और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ भारत लाना।"संस्कृति के इस बड़े पैमाने के पीछे इंफ्रास्ट्रक्चर भी अहम है। एनएमएसीसी में 2,000 सीट का ग्रैंड थिएटर, 198 सीट का स्टूडियो थिएटर, 80 सीट का द क्यूब और चार मंजिला आर्ट हाउस है। यानी बड़े म्यूजिकल और थिएटर से लेकर छोटे प्रयोगों और विजुअल आर्ट तक, अलग-अलग तरह की प्रस्तुतियों के लिए सालभर इस्तेमाल होने वाले अलग मंच मौजूद हैं।कला यहां सिर्फ थिएटर या गैलरी की दीवारों तक सीमित नहीं है।

शब्द पहेली - 6341



बाएँ से दाएँ
1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

ऊपर से नीचे
1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली- 6340 का हल



खबर संक्षेप

गिरिराज को जान से मारने की धमकी वाला पत्र मिला

बेगूसराय। केंद्रीय वस्त्र मंत्री एवं बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को डाक के जरिए जान से मारने की धमकी भरा पत्र मिला है, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

जरांगे का 12 को जालना में मराठों से जुटने का आह्वान

जालना। मराठा आरक्षण आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे का अनिश्चितकालीन अनशन सोमवार को 10वें दिन में प्रवेश कर गया और इस बीच उन्होंने 12 सितंबर को महाराष्ट्र के जालना में बड़े पैमाने पर जुटने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई होने पर राज्यव्यापी बंद किया जाएगा।

स्वतंत्र भारद्वाज की बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सोमवार को खुद को 'इन्फ्लुएंसर' बताने वाले स्वतंत्र भारद्वाज को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने उसकी न्यायिक हिरासत को 14 दिन और बढ़ाने की मांग की थी। इससे पहले अदालत ने रविवार को भारद्वाज को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था।

अभिनेता संजय दत्त बोले-नहीं सीखेंगे मराठी

मुंबई। महाराष्ट्र में मराठी भाषा को लेकर चल रहे विवाद के बीच अभिनेता संजय दत्त की टिप्पणी चर्चा में आ गई है। दही हांडी कार्यक्रम में परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के साथ पहुंचे दत्त से मराठी में बोलने को कहा गया। इस पर उन्होंने कहा कि वे येरवडा जेल में रहे, लेकिन तब भी मराठी नहीं सीख पाए अब क्या सीखेंगे और क्या बोलेंगे।

संदिग्ध ड्रोन, 7 फ्लाइट्स को भेजा गया दिल्ली

नई दिल्ली। अमृतसर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के पास संदिग्ध ड्रोन दिखाई देने के बाद हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट के आस-पास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए, जिसके बाद 7 उड़ानों को दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। ये घटना 7 सितंबर की रात 10 बजे करीब हुई। अधिकारी ने कहा कि जैसे ही उन्हें रनवे के पास ड्रोन जैसी चीज नजर आई, तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया।

उत्तराखंड में जल्द आएगा नया निकाहनामा

देहरादून। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद अब उसके प्रावधानों के अनुरूप उत्तराखंड वक्फ बोर्ड ने प्रदेश में एक नए निकाहनामे का मसौदा तैयार किया है जिसके तहत केवल पंजीकृत काजी या मौलाना ही निकाह पढ़वा सकेंगे।

पंजाब में मान के आश्वासन पर किसानों का धरना खत्म

चंडीगढ़। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सोमवार को चंडीगढ़-मोहाली बॉर्डर पर अपना धरना खत्म कर दिया। यह कदम पंजाब सरकार के उस आश्वासन के बाद उठाया गया, जिसमें कहा गया है कि सरकार नदी के पानी और खेती से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक महीने के भीतर राज्य विधानसभा का सत्र बुलाएगी। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने प्रदर्शन स्थल का दौरा किया और एसकेएम की मांगों के संबंध में आश्वासन दिया। एसकेएम के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में एक सितंबर को प्रदर्शन शुरू किया था।

अन्नपूर्णा कल वाराणसी में पोषण माह शुरू करेंगी

नई दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय 9 सितंबर को वाराणसी में रुद्राक्ष अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ करेगा। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी महीनेभर चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ करेंगी। यह अभियान समुदायों को महिलाओं, और किशोरों में पोषण, स्वास्थ्य संबंधी व्यवहारों को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है।

उत्तर भारत में नहीं थम रही बरसात, ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ी

कश्मीर के बाद उत्तराखंड में भी बर्फबारी यूपी में बारिश जारी, नदियां उफान पर

एजेंसी ▸▸| लखनऊ/पटना/पिथौरागढ़

कश्मीर के बाद अब उत्तराखंड की ऊंची पहाड़ियों पर भी मौसम बदल गया है और हल्की बर्फबारी शुरू हो गई है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की पंचाचूली, हरदेवल, नंदा देवी और नंदा कोट के साथ चमोली में बद्रीनाथ-हेमकुंड की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। कश्मीर के गुलमर्ग, सोनमर्ग और बांदीपोड़ (गुरेज घाटी) के ऊंचे इलाकों में रविवार को इस सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। उधर, यूपी में मानसूनी बारिश का दौर लगातार जारी है। बरेली में रविवार दोपहर से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते फायर स्टेशन में 3 फीट तक पानी भर गया। घरों के किचन और बेडरूम तक घुटनों तक पानी पहुंच गया।

बिहार और पड़ोसी झारखंड में हुई भारी वर्षा के कारण विभिन्न शहरों में नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति बन गई है। राज्य के 12 जिलों में 22.42 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। भागलपुर में रिंग बांध ओवरफ्लो होने से सुल्तानगंज के करीब 4 हजार घर पानी में डूब गए। उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर तथा कानपुर देहात के कई इलाकों में उफनती पांडु नदी की वजह से बाढ़ आ गई है, जिससे लगभग 40,000 लोग और 1,000 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं। बाढ़ का पानी आवासीय इलाकों में घुस गया है और सड़क संपर्क बाधित हो गया है। उधर, झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में सोमवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गईं।

बिहार के 12 जिलों में बाढ़, 23 लाख लोग प्रभावित

निचले इलाकों की लगातार निगरानी और एहतियाती कदम उठाने के अफसरों को निर्देश

बिहार में बारिश का हाल

कुशीनगर के छह साल के बच्चे ने नेपाल बाढ़ पीड़ितों के लिए साल भर की बचत दान की

लखनऊ (भाषा)। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले का रहने वाला छह साल का एक बच्चा पड़ोसी देश नेपाल में हाल ही में आयी विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए गुल्लक में जमा की गयी अपनी साल भर की बचत दान करने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। बच्चों के इस जज्बे की मौके पर मौजूद हर किसी ने सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि कुशीनगर जिले की पडरौना तहसील के बेतिया गांव का रहने वाला अल्फाज शेख हाल ही में नेपाल में बाढ़ से हुई तबाही और उससे लोगों को हो रही परेशानी की तस्वीरें टीवी और सोशल मीडिया पर देखकर बहुत दुखी था। उन्होंने बताया कि यह बच्चा गत तीन सितंबर को अपनी साल भर जमा की गई रकम से भरी गुल्लक लेकर कुशीनगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के कार्यालय पहुंचा। शेख ने जिलाधिकारी को गुल्लक सौंपा।

रकम से भरी गुल्लक लेकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचा

कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। आईएमडी ने छत्तीसगढ़ बिहार, मध्य प्रदेश, पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में मंगलवार तक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में मंगलवार तक गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की स्थिति बनी रह सकती है। वहीं, पुडुचेरी, कराईकल, विदर्भ, छत्तीसगढ़, गंगीय पश्चिम बंगाल तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अगले दो दिनों के दौरान भी गरज-चमक और बिजली गिरने जैसी मौसम संबंधी गतिविधियां होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने तटीय आंध्र प्रदेश, केरल और माहे में कल तक गर्म और उमस भरे मौसम की संभावना जताई है। इन क्षेत्रों में बारिश के बावजूद वातावरण में उमस बनी रह सकती है।

इमारत हादसे पर भाजपा और आप आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

दोनों दलों ने एक-दूसरे पर अलग-अलग प्राथमिकताएं होने के लगाए आरोप

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में इमारत ढहने की घटना को लेकर सोमवार को भाजपा और आप के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। दोनों दलों ने एक-दूसरे पर अलग अलग 'प्राथमिकताएं' होने का आरोप लगाया कहा कि उन्हें पीड़ितों पर ध्यान देना चाहिए।

भाजपा ने 'आप' पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरी के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण पर भारी खर्च किया जबकि लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा ने कहा कि लोग 'आप' के 'शीशमहल' प्रेम को भूले नहीं हैं। आप' ने 'एक्स' परशाह पर निशाना साधते हुए कहा था कि दिल्ली में इमारत गिरने की घटना के समय शाह गोवा में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन कर रहे थे। 'आप' के इस पोस्ट पर भाजपा ने यह प्रतिक्रिया दी। 'आप' ने पोस्ट में कहा कि जब दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरी, उस समय अमित शाह गोवा में भाजपा के एक अन्य कार्यालय का उद्घाटन करने में व्यस्त थे।

पीएम से हस्तक्षेप की मांग

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के रास सदस्य और डीयू के प्रोफेसर मनोज झा ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर सत्य निकेतन इमारत हादसे के बाद "तत्काल हस्तक्षेप" करने की मांग की और कहा कि इस त्रासदी ने विश्वविद्यालय में छात्रों के लिए आवास की "गंभीर समस्या" को उजागर किया है। झा ने केंद्र से दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए सरकारी छात्रावासों के निर्माण के वास्ते आपात और अलग से निर्धारित वित्तीय आवंटन करने का आग्रह किया।

छात्र बोले-जवाबदेही तय हो

नई दिल्ली (भाषा)। डीयू के दक्षिण परिसर के पास पेइंग गेस्ट (पीजी) के तौर पर इस्तेमाल हो रही बहुमंजिला इमारत ढहने की घटना के बाद सोमवार को छात्र संगठनों ने जवाबदेही तय करने की मांग तेज कर दी। इन छात्र संगठनों ने निर्माण कार्यों से जुड़ी सुरक्षा, नियमों की निगरानी और बचाव अभियान में लापरवाही का आरोप लगाया। वामपंथी संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सत्य निकेतन में धरना दिया, जहां रविवार को इमारत ढह गई थी।

दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार, जवाबदेही नहीं: राहुल

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि 'ट्रिपल इंजन' सरकार होने के बावजूद नीयत की लाचारी है तथा कोई जवाबदेही भी नहीं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए कि यह भी कहा कि जवाबदेही की मांग करने वालों को प्रधानमंत्री द्वारा "दिमागी नक्सल" और "नाराज फूफा" जैसे अपमानजनक तमगों से नवाजकर चुप कराने का प्रयास किया जाता है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने 'एक्स' पर कहा कि हर बार भाजपा सरकार का वही शर्मनाक पैटर्न है, हादसों से पहले रोकथाम नहीं, उनके बाद बयानबाजी होती है।

बागपत में श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, 12 की मौत

एजेंसी ▸▸| बागपत

- बागड़ धाम से दर्शन कर बदायूं लौट रहे थे
- 20 अन्य घायल, सभी बदायूं के रहने वाले

ईस्टर्न पेरीफेरल (ईपीई) पर रविवार देर रात हुए हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। पहले चार लोगों की मौत हुई थी। सोमवार दोपहर तक 8 और घायलों ने दम तोड़ दिया। बता दें कि करीब पौने दो बजे कैंटर की टक्कर से बागड़ धाम से लौट रही श्रद्धालुओं से भरा पिकअप वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी और 20 श्रद्धालु घायल हो गए थे। सभी श्रद्धालु बदायूं के रहने वाले हैं। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई। घायलों को सीएचसी व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदायूं के गांव अल्हापुर से लोग राजस्थान के बागड़ यात्रा पर गए थे। रात में वापस आते समय ईपीई पर बड़ागांव के पास कैंटर ने पिकअप में टक्कर मार दी, जिससे पिकअप वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गया। अधिकाशं लोग उसके नीचे दब गए और चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोगों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक एक बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो चुकी थी।

गुजरात में होगा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह अपने 72 साल के इतिहास में पहली बार दिल्ली से बाहर आयोजित होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस बार समारोह गुजरात के केवडिया में होगा, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 सितंबर को पुरस्कार प्रदान करेंगी। केवडिया का नाम बदलकर एकता नगर कर दिया गया है और यहां सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थापित की गई है।

डीयू का दक्षिण परिसर रहा सूना, कई कॉलेज बंद

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सत्य निकेतन में इमारत ढहने के एक दिन बाद उसके पास स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय का दक्षिण परिसर सोमवार को सूना रहा और यहां कॉलेज बंद रहे। परिसर के पास स्थित सत्य निकेतन में 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) आवास के तौर पर इस्तेमाल की जा रही इमारत के रविवार दोपहर ढह जाने से सात लोग मारे गए हैं। इसके बाद छात्रों ने जवाबदेही की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। डीयू अधिकारियों के अनुसार, मृतकों में कम से कम एक विश्वविद्यालय का छात्र है, जबकि मोतीलाल नेहरू कॉलेज के तीन छात्रों के लापता होने की सूचना मिली है। दक्षिण परिसर की निदेशक रजनी अब्बी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज के एक छात्र की मौत हो गई जो मध्य प्रदेश का रहने वाला था। उन्होंने कहा कि इमारत ढहने से प्रभावित छात्रों की कोई आधिकारिक सूची फिलहाल विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध नहीं है। अब्बी ने कहा, ₹हालांकि, कॉलेजों में सभी कक्षाएं सोमवार को निलंबित कर दी गई हैं। कक्षाओं को प्रभावित छात्रों के रहने के लिए अस्थायी आवास में परिवर्तित किया गया है। कोई भी छात्र अंदर आ सकता है और रह सकता है।₹ इस घटना के बाद छात्र संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने सत्य निकेतन में धरना दिया है।

दिल्ली का सत्य निकेतन हादसा

पाक सेना ने भारतीय संसद पर हमले का एआई वीडियो जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तानी सेना ने मई 2025 में भारत के साथ हुए संघर्ष को लेकर एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में भारत की संसद पर हमला होते हुए दिखाया गया है। साथ ही, इसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने भारत के 32 एयरफोर्स बेस पर हमला किया, 8 भारतीय विमान गिराए और 2 एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट किए।वीडियो में ज्यादातर घटनाओं को एआई, ग्राफिक्स और एनीमेशन के जरिए दिखाया गया है वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसका मजाक बनने लगा। एक यूजर्स ने कहा कि वे हकीकत में नहीं जीत पाए तो एआई का सहारा लेना पड़ा। वहीं दूसरे ने सवाल किया कि अगर इतनी बड़ी जीत हुई है तो सैटेलाइट तस्वीरें कहां हैं, क्यों सिर्फ ग्राफिक्स पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

यूजर्स बोले-हकीकत में जीत नहीं पाए, इसलिए फेक वीडियो बना रहे

मध्यप्रदेश में जहरीली शराब से पिता-बेटा समेत 22 की मौत

सागर। सागर में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। मरने वालों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। 112 लोग ऐसे हैं, जिनकी जहरीली शराब पीने से हालत बिगड़ी है। उन्हें सागर और भोपाल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मामले में शराब बेंचने वाले ठेकेदार समेत 30 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से 10 को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार सुबह महेश रावत (55), श्याम बाई अहिरवार (50) और कृष्ण कुमार लोधी ने दम तोड़ा। इससे पहले एयरलिफ्ट कर भोपाल लाए गए राम प्रसाद लोधी की रविवार देर रात को मौत हुई थी। उनके पिता गोविंद लोधी ने भी रविवार को दम तोड़ दिया था। रामप्रसाद का छोटा भाई भूरे लोधी सागर में भर्ती है।

112 की हालत बिगड़ी, सागर-भोपाल में भर्ती

शराब ठेकेदार समेत 30 पर केस, 10 गिरफ्तार

मप्र: आजादी के आठ दशक बाद धार पहुंचेगी रेल, आज मोदी दिखाएंगे झंडी

इंदौर (भाषा) मध्यप्रदेश का आदिवासी बहुल धार जिला देश की आजादी के आठ दशक बाद रेल नेटवर्क से जुड़ने जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी वडोदरा में आठ सितंबर (मंगलवार) को आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रतापनगर और धार के टांडा रोड स्टेशनों के बीच नयी मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने सोमवार को बताया,"नई मेमू ट्रेन छोटा उदयपुर-धार खंड में चलेगी। यह पहली बार है, जब धार जिले में कोई यात्री ट्रेन पहुंचेगी।" उन्होंने बताया कि इस रेल सेवा से मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा जिससे व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर./एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4/3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं –:

क्र.	नीलामी केटलाग सं.	नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय	नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
1	UMB-SLR-11-2026 (07 लॉट)	15.09.2026 /12:00	15.09.2026 /13:30

क्र.	ट्रेन सं.	से–तक	कम्पार्टमेंट
1.	20990	CDG-UDZ	FSLR-I
2.	19308	UHL-INDB	FSLR-I
3.	14522	UMB-DLI	FSLR-I
4.	22710	AADR-NED	FSLR-I
5.	14218	CDG-PYGS	RSLR-I
6.	12326	AADR-KOAA	RSLR-I
7.	12232	CDG-LKO	FSLR-I

ई–नीलामी में भाग लेने या ई– नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3073/26

पंजाब: संपत्ति विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा को मार डाला

होशियारपुर (भाषा)। पंजाब के होशियारपुर में संपत्ति से जुड़े विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने चाचा की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान हाजीपुर निवासी सरबजीत सिंह के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि सरबजीत के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है और उसकी तलाश जारी है। अधिकारी के मुताबिक, यह वारदात रविवार शाम लगभग 7:30 बजे हुई, जब पीड़ित महेंद्र सिंह आटे की बोरी लेकर स्कूटर से घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि महेंद्र जब हाजीपुर में अपने घर के पास पहुंचा, तो सरबजीत ने उसकी गर्दन, सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर दरांती से कथित तौर पर कई बार वार किए।

गर्दन, सिर, हाथ पर दरांती से किए कई वार

पूर्व सरपंच की हत्या, धारदार हथियारों से किया था हमला

संगरूर (एजेंसी)। पंजाब के संगरूर के लहरागागा के रामगढ़ संधुआं गांव में पूर्व सरपंच अमरीक सिंह की हत्या कर दी गई। उन पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था। गंभीर रूप से घायल अमरीक सिंह की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। लहरागागा पुलिस स्टेशन के एसएचओ जसकरण सिंह ने बताया कि पूर्व सरपंच गांव के एक चौक में खड़े थे। तभी उन पर हमला हुआ। इसके बाद लहरागागा के अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखकर उन्हें पटियाला रेफर कर दिया था। इस मामले में गांव के 6 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में गांव का मौजूदा सरपंच भी शामिल है। पुलिस ने अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी 3 की तलाश जारी है।

पंजाब के संगरूर में चौक में खड़े थे, तभी किया हमला

GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
PUBLIC WORKS (NORTH) DIVISION NASHIK
E-TENDER NOTICE NO 14 FOR 2026-27 [ONLINE]

Online E Tenders in " B-1" form for the works included in detail tender notice are invited by Executive Engineer, P. W. (North) Division, Nashik Untwadi road Nashik Tal. and Dist. Nashik Phone No 0253-2576249 for and on behalf of Governor of Maharashtra State from Capable of P.W.Deptt. Registered/ Unregistered Contractor or International Contractor whose sub company/ branch in India and also complete terms and conditions mention in tender documents.

Right of Rejection of E-Tender / Cancellation of E-Tenders reserved by the Executive Engineer, P. W. (North) Division Nashik. Conditional Tender will not be accepted.

E_Tender Notice including Total **01 (One) work cost below Rs. 10.00 (Ten)** Crore. Details of mentioned E_Tender Notice available on below websites

1) https://mahatenders.gov.in

Tender Document Sale Start and End Date Time	08/09/2026 From 11:00 Hrs	to	15/09/2026 Up to 17:00 Hrs
Pre Bid Meeting	Pre bid as on 10/09/2026 office of the Chief Engineer, P.W. Region, Nashik at 12.00 pm.		
Hard Copy Submission	After Bid Submission on E-Portal (After Bid Lock) one set of Bid Document (Technical and Financial Bid) Hard Copy submitted in the office of the Executive Engineer, P.W. (North) Division, Nashik for the above Work as on 16/09/2026 at 17.00 hrs. (Not Mandatory)		
Date, Time and Venue of Opening of Technical and Financial Bid (Envelope No.1 and 2)	On 16/09/2026 Time 17:05 hours (If Possible) for above work in The Office of the Superintending Engineer, P. W. Circle, Nashik		

Note :-

1. E-Tender Fee [non refundable] and Earnest Money will be accepted online only.
2. All eligible/ interested Contractors are required to be enrolled on portal https://mahatenders.gov.in before down loading tender documents and participate in e-tendering
3. Post Qualification Criteria is applicable for all works.
4. Correspondence to the contractor regarding the said work tender shall be addressed to the address mentioned in his registration letter and this office shall not be responsible for any postal delay.
5. The Above format is taken from Govt. G.R. of G.A.D. No.- मावज-2018/प्र.क. 348/34 Dt.-20/12/2018 Para No.-4.6.2 in page No.-10 of 25.
6. 1. **www.mahapwd.gov.in**
   2. **https://mahatenders.gov.in**
   (Any changes to this Tender Notice, informed on the above website)

Sd/- Executive Engineer
P. W. (North) Division, Nashik

आरओसी-2026-27/क्र-5/C2674

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्रमांक	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/समय
1.	ADVT-UMB-JUDW-OSN-374-26-1	जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर गैर–डिजिटल आरडीएन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 360 वर्ग फूट का स्थान (साइट प्लान के अनुसार)	17.09.2026 12.00.00 hrs
2.	ADVT-UMB-YJUD-OSN-375-26-1	यमुनानगर–जगाधरी रेलवे स्टेशन पर गैर–डिजिटल आरडीएन के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु 720 वर्ग फूट का स्थान (साइट प्लान के अनुसार)	17.09.2026 12.00.00 hrs
3.	MSS-UMB-KLK-SIPod-104-26-1	कालका रेलवे स्टेशन (एनएसजी–3 श्रेणी) पर मौजूदा पुरानी पीआरएस इमारत को कुल 30 मीटरx7.85 मीटर अर्थात 235.5 वर्ग मीटर क्षेत्र में (साइट प्लान के अनुसार) आधुनिक सुविधाओं और सुख–सुविधाओं युक्त मॉड्यूलर स्लीपिंग पॉड्स में परिवर्तित करके उसका नवीनीकरण (उन्नयन), संचालन, रखरखाव और प्रबंधन।	17.09.2026 12.00.00 hrs
4.	MSS-UMB-SML-TxtStore-123-26-1	शिमला (एसएमएल) रेलवे स्टेशन पर 24 वर्ग मीटर (अर्थात 4 मीटरx 6 मीटर) क्षेत्र में टेक्सटाइल स्टोर का संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	17.09.2026 12.00.00 hrs
5.	MSS-UMB-SGS-KStnGP 127-26-1	शोघी रेलवे स्टेशन पर 12'x12' = 144 वर्ग फुट क्षेत्र में (साइट प्लान के अनुसार) किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन	17.09.2026 12.00.00 hrs
6.	MSS-UMB-UMB-KStnGP 125-26-1	अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 10'x10' = 100 वर्ग फुट क्षेत्र में (साइट प्लान के अनुसार) किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन	17.09.2026 12.00.00 hrs
7.	MSS-UMB-KEJ-KStnGP 126-26-1	कठलीघाट रेलवे स्टेशन पर 12'x12' = 144 वर्ग फुट क्षेत्र में (साइट प्लान के अनुसार) किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन	17.09.2026 12.00.00 hrs
8.	MSS-UMB-BNN-KStnGP 124-26-1	बरनाला रेलवे स्टेशन पर 10'x10' = 100 वर्ग फुट क्षेत्र में (साइट प्लान के अनुसार) किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं प्रबंधन	17.09.2026 12.00.00 hrs
9.	MSS-UMB-KLK-THDPK 111-26-1	कालका रेलवे स्टेशन पर कुल 10.58 वर्ग मीटर क्षेत्र में, लगभग 4.50 मीटर x 2.35 मीटर माप वाले स्मारिका दुकान–सह–यात्रा सहायता डेस्क का 5 वर्षों की अवधि के लिए स्वीकृत साइट प्लान के अनुसार संचालन एवं रखरखाव।	18.09.2026 12.00.00 hrs
10.	MSS-UMB-UMB-THDPK 129-26-2	अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर 6'x6' अर्थात 36 वर्ग फुट माप की 2 साइटों (कुल क्षेत्र 72 वर्ग फुट) पर ट्रैवल हेल्प डेस्क कियोस्क का संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान केअनुसार)	18.09.2026 12.00.00 hrs
11.	MSS-UMB-SRE-THDPK 130-26-1	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर 10'x 8' अर्थात 80 वर्ग फुट माप वाले ट्रैवल हेल्प डेस्क कियोस्क का संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	18.09.2026 12.00.00 hrs

नीलामी/लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। 3070/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

जिंदगी पर भारी नगर निकायों की उदासीनता

देश में स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था इसलिए विकसित की गई थी कि शहरों और कस्बों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर हो। नगर निगम, नगर पालिका और अन्य स्थानीय संस्थाओं को अधिकार दिए गए, जिम्मेदारियां सौंपी गईं और उनसे उम्मीद की गई कि वे नागरिकों को सुरक्षित और बेहतर जीवन देंगे, लेकिन आज यही संस्थाएं कई जगह नागरिकों की सुरक्षा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रही हैं। सड़कों से लेकर नालों तक और इमारतों से लेकर जल निकासी व्यवस्था तक, लापरवाही का असर सीधे लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है। दिल्ली में बहुमंजिला हॉस्टल गिरने की हालिया घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। इस हादसे में सात लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद जांच और कार्रवाई का दौर शुरू हुआ। दिल्ली हाईकोर्ट ने भी मामले में गंभीर टिप्पणी करते हुए दिल्ली नगर निगम, सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने हॉस्टलों की खराब स्थिति पर चिंता जताई और संबंधित सरकारों तथा संस्थाओं से जवाब मांगा है। पुलिस ने हॉस्टल मालिक को भी गिरफ्तार किया है, लेकिन गिरफ्तारी और जांच से बड़ा सवाल यह है कि जिस इमारत में छात्र रह रहे थे, उसकी स्थिति हादसे से पहले किसी जिम्मेदार अधिकारी को क्यों नहीं दिखाई दी? यही सवाल हर उस हादसे के बाद उठता है, जिसमें व्यवस्था की लापरवाही किसी की जिंदगी छीन लेती है। मैनहोल खुला हो तो हादसा होने के बाद उसे बंद किया जाता है। सड़क पर गड्ढा हो तो दुर्घटना के बाद मरम्मत होती है। जर्जर इमारत हो तो उसके गिरने के बाद नोटिस और जांच शुरू होती है। बारिश में जलभराव हो तो पानी उतरने के बाद नालों की सफाई का दावा किया जाता है। आग लगने के बाद अग्निसुरक्षा नियमों की याद आती है। यानी प्रशासन की सक्रियता नागरिक की सुरक्षा से नहीं, हादसे से तय होती है। दिल्ली, एनसीआर, मुंबई और दूसरे बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। शहर फैलते गए, इमारतें ऊंची होती गईं, लेकिन उनके अनुरूप बुनियादी ढांचा और निगरानी तंत्र मजबूत नहीं हुआ। कई जगह भवन नियम कागजों में सख्त हैं, लेकिन जमीन पर उनका पालन कराने वाला तंत्र कमजोर है। इससे भी गंभीर स्थिति तब पैदा होती है जब नियमों को लागू करने में राजनीतिक हस्तक्षेप आड़े आता है। स्थानीय दबाव, सिफारिश और राजनीतिक संरक्षण यदि नियमों से ऊपर हो जाएं तो फिर नागरिक की सुरक्षा सबसे पीछे चली जाती है। यह भी समझना होगा कि हर हादसे के लिए केवल भवन मालिक या ठेकेदार को दोषी ठहराकर नगर निकाय अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते। आखिर भवन का नक्शा किसने पास किया? निरीक्षण किसने किया? निर्माण में नियमों का उल्लंघन हुआ तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इन सवालों के जवाब तय करेंगे कि गलती वास्तव में कहां हुई। प्रत्येक शहर में जर्जर इमारतों का नियमित सर्वे, खुले मैनहोल की तत्काल मरम्मत, जलभराव वाले स्थानों की स्थायी योजना और भवन नियमों के उल्लंघन पर समयबद्ध कार्रवाई जरूरी है। निरीक्षण की व्यवस्था को पारदर्शी और राजनीतिक दबाव से मुक्त करना होगा। अब वक्त हादसे के बाद जागने का नहीं, हादसे से पहले खतरा पहचानने का है। क्योंकि नगर निकायों की एक छोटी-सी लापरवाही किसी परिवार के लिए जिंदगी भर का मातम बन सकती है।



मुद्दा
ओमकार चौधरी

क्या अमेरिका ने भरोसा खो दिया

दुनिया की आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था में बदलाव अब केवल व्यापार और मुद्रा तक सीमित नहीं रह गया है। कई देश अपनी सबसे महत्वपूर्ण संपत्ति सोने को लेकर नए सिरे से सोच रहे हैं। अमेरिका और उसकी वित्तीय व्यवस्था पर दशकों से कायम भरोसे के बावजूद कुछ देश विदेशों में रखे अपने स्वर्ण भंडार को वापस ला रहे हैं या उसका स्थान बदल रहे हैं। रूस पर लगे प्रतिबंधों और उसकी अरबों डॉलर की विदेशी संपत्तियों पर रोक ने इस चिंता को और गहरा किया है। यह अमेरिका से दूरी बनाने की औपचारिक मुहिम नहीं, बल्कि जोखिम घटाने और अपनी संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण हासिल करने की बदलती वैश्विक रणनीति है।

दुनिया की आर्थिक और रणनीतिक व्यवस्था में पिछले कुछ वर्षों से एक ऐसा बदलाव दिखाई दे रहा है, जो पहली नजर में केवल सोने के भंडारण से जुड़ा मामला लगता है, लेकिन वास्तव में इसके पीछे बहुत गहरे राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी कारण छिपे हैं। कई देश अब यह सोच रहे हैं कि उनका सोना और विदेशी संपत्ति दूसरे देशों, खासकर अमेरिका में कितनी सुरक्षित है। कुछ देशों ने अमेरिका में रखा अपना सोना वापस मंगाना शुरू किया है, कुछ ने उसका हिस्सा घटाया है और कुछ इस दिशा में विचार कर रहे हैं। यह प्रक्रिया अभी इतनी बड़ी नहीं है कि इसे अमेरिका के खिलाफ वैश्विक विद्रोह कहा जाए, लेकिन इसे केवल सामान्य वित्तीय फेरबदल मान लेना भी उचित नहीं होगा। यह उस बदलती सोच का संकेत है जिसमें देश अपनी सबसे महत्वपूर्ण संपत्तियों पर सीधा नियंत्रण चाहते हैं। लंबे समय तक अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति, सबसे सुरक्षित वित्तीय केंद्र और सबसे विश्वसनीय रणनीतिक साझेदार माना जाता रहा। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिकी डॉलर को वैश्विक व्यापार और विदेशी मुद्रा भंडार में केंद्रीय स्थान मिला। न्यूयॉर्क और अन्य अमेरिकी वित्तीय केंद्रों में अनेक देशों का सोना रखा गया। इसकी वजह भी व्यावहारिक थी। अमेरिका की वित्तीय व्यवस्था मजबूत थी, वहां बड़े पैमाने पर सोने का कारोबार होता था और जरूरत पड़ने पर सोने को बेचना, गिरवी रखना या उसके बदले धन जुटाना आसान था। इसलिए यूरोप सहित कई देशों ने दशकों तक अपने स्वर्ण भंडार का महत्वपूर्ण हिस्सा अमेरिका में रखा।

अब यही व्यवस्था सवालों के घेरे में है। हाल के वर्षों में यूरोप के कुछ देशों ने अमेरिका में रखा अपना सोना कम करना शुरू किया है। नीदरलैंड के केंद्रीय बैंक ने 2026 में अमेरिका और कनाडा में रखा लगभग 86 टन सोना हटाकर लंदन स्थानांतरित किया। इसके बाद न्यूयॉर्क में रखा उसका स्वर्ण हिस्सा लगभग 31 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत के आसपास रह गया। नीदरलैंड के केंद्रीय बैंक का तर्क था कि बदलते भू-राजनीतिक माहौल में स्वर्ण भंडार को अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर रखना बेहतर है और लंदन में रखा सोना संकट के समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है। फ्रांस ने भी अमेरिका में रखा एक बड़ा हिस्सा हटाया, लेकिन उसके मामले को थोड़ा अलग तरीके से समझना जरूरी है। फ्रांस ने न्यूयॉर्क में रखे लगभग 129 टन पुराने सोने को बेचकर यूरोप में नए मानकों के अनुरूप सोना खरीदा। इसलिए इसे केवल अमेरिका पर अविश्वास का मामला नहीं कहा जा सकता। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि फ्रांस ने अपनी व्यवस्था में बदलाव किया और भंडार को यूरोप के भीतर अधिक नियंत्रित ढांचे में रखा। जर्मनी का उदाहरण और भी पुराना है। उसने 2013 से 2017 के बीच लगभग 300 टन सोना अमेरिका से वापस फ्रैंकफर्ट मंगाया था। हालांकि जर्मनी का एक बड़ा हिस्सा आज भी न्यूयॉर्क में रखा है। जर्मन केंद्रीय बैंक अब भी सार्वजनिक रूप से कहता है कि उसका सोना सुरक्षित है। इसके बावजूद जर्मनी के भीतर समय-समय पर यह बहस उठती रहती है कि राष्ट्रीय संपत्ति का इतना बड़ा हिस्सा विदेश में क्यों रखा जाए। इटली में भी यही सवाल उठ रहा है, क्योंकि उसके स्वर्ण भंडार का बड़ा हिस्सा अमेरिका में है। इस समय इटली ने कोई बड़ा वापसी अभियान नहीं

चलाया है, लेकिन बहस वहां भी तेज हुई है। इस पूरे बदलाव के पीछे सबसे बड़ा मोड़ रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को माना जा रहा है। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिमी देशों ने रूस के केंद्रीय बैंक की लगभग 300 अरब डॉलर की विदेशी संपत्तियों को रोक दिया। यह घटना वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के लिए एक बहुत बड़ी चेतावनी बन गई। यही वह बिंदु है जहां सोने का महत्व फिर बढ़ता दिखाई देता है। अपने देश की तिजोरी में रखा सोना किसी विदेशी बैंक, किसी दूसरे देश की सरकार, भुगतान व्यवस्था या अंतरराष्ट्रीय मंजूरी पर निर्भर नहीं करता। अगर किसी देश की विदेश नीति अमेरिका या यूरोप से टकरा जाए तो विदेश में रखी संपत्ति पर रोक लग सकती है, लेकिन अपने देश में रखा भौतिक सोना तत्काल राजनीतिक दबाव से बचा रहता है। यही वजह है कि कई केंद्रीय बैंक अब सोने को केवल निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की संपत्ति के रूप में देखने लगे हैं।

दूसरी बड़ी वजह अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों और वित्तीय शक्ति के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर आशंका है। डॉलर की ताकत केवल इसलिए नहीं है कि वह मजबूत मुद्रा है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि दुनिया का बड़ा व्यापार, बैंकिंग और भुगतान तंत्र उसी के इर्द-गिर्द बना हुआ है। इससे अमेरिका को असाधारण प्रभाव मिलता है। वह किसी देश, बैंक, कंपनी या व्यक्ति पर प्रतिबंध लगाए तो उसका असर केवल अमेरिकी बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरी दुनिया की वित्तीय व्यवस्था पर पड़ सकता है।

तीसरी वजह अमेरिका की बदलती विदेश और व्यापार नीति है। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका ने अपने मित्र देशों पर भी शुल्क (टैरिफ़) लगाए, व्यापारिक दबाव बनाया और सुरक्षा समझौतों को आर्थिक सौदेबाजी से जोड़ा। यूरोप में यह भावना बढ़ी कि अमेरिका पर हर परिस्थिति में भरोसा करना संभव नहीं है। यूरोप के लिए यह सवाल और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह दशकों से अपनी सुरक्षा और वित्तीय व्यवस्था में अमेरिका पर निर्भर रहा है। अब वहां रणनीतिक स्वायत्तता की चर्चा बढ़ रही है। इसका अर्थ है कि यूरोपीय देश सुरक्षा, ऊर्जा, रक्षा, वित्त और महत्वपूर्ण संपत्तियों के मामले में अपना स्वतंत्र ढांचा मजबूत करना चाहते हैं। सोने का स्थानांतरण इसी बड़ी सोच का एक हिस्सा माना जा सकता है। लेकिन यह कहना अभी गलत होगा कि दुनिया ने अमेरिका पर भरोसा खो दिया है। डॉलर आज भी विश्व की सबसे महत्वपूर्ण आरक्षित मुद्रा है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार, बैंकों के लेनदेन और सरकारी भंडार में उसकी भूमिका सबसे बड़ी है। यूरो, चीनी मुद्रा और अन्य मुद्राएं अभी डॉलर का पूरा विकल्प नहीं बन सकी हैं। देश अब यह पूछ रहे हैं कि अगर उनके पास दस प्रकार की संपत्ति है तो वह सारी एक ही देश या एक ही वित्तीय व्यवस्था से क्यों जुड़ी हो। अगर उनका सोना पूरी तरह न्यूयॉर्क में रखा है तो उसका कुछ हिस्सा अपने देश या यूरोप में क्यों न रहे। सोने की बढ़ती मांग भी इसी का संकेत है। पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय बैंकों ने बड़ी मात्रा में सोना खरीदा है। यह केवल सोने की कीमत बढ़ने की कहानी नहीं है। इसके पीछे युद्ध, प्रतिबंध, महंगाई, सरकारी कर्ज, व्यापारिक तनाव और वैश्विक अस्थिरता की चिंता भी है। नीदरलैंड, फ्रांस या किसी अन्य देश के कुछ सौ टन सोने के स्थानांतरण से अमेरिकी अर्थव्यवस्था नहीं हिलेगी लेकिन इसका प्रतीकात्मक महत्व बहुत बड़ा है। जब पुराने मित्र देश भी अपनी सबसे सुरक्षित संपत्ति को अमेरिका से बाहर ले जाने या उसका हिस्सा कम करने लगें, तो यह संकेत देता है कि वे भविष्य के जोखिम को लेकर अधिक सतर्क हो गए हैं। अमेरिका की असली चुनौती सोना नहीं, विश्वास है। विश्व शक्ति की असली ताकत केवल सेना, अर्थव्यवस्था और मुद्रा से नहीं आती, बल्कि इस भरोसे से आती है कि दूसरे देश उसकी व्यवस्था को स्थिर, न्यायपूर्ण और भरोसेमंद मानते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिल्ली हादसा
डॉ घनश्याम बादल

मलबे में दबते सपने और बिके हुए सुरक्षा मानक

कहीं भी जब कोई इमारत गिरती है तो कुछ घंटे के लिए लोगों की सांस थम जाती है। कैमरे मलबे पर टिक जाते हैं, राहतकर्मी ईंट-पत्थरों के बीच ज़िंदगी तलाशते हैं, नेता घटनास्थल पर पहुंचते हैं और प्रशासन सक्रिय दिखाई देने लगता है। फिर बयान आते हैं। जांच होगी', दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा, 'मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। सवाल मगर वहीं खड़ा रहता है। जिस इमारत को गिरने से पहले बचाया जा सकता था, उसे गिरने ही क्यों दिया गया? दिल्ली में ढही इमारत कोई अकेली घटना नहीं है। राजधानी और देश के दूसरे शहरों में इमारतों के ढहने, आग लगने और अवैध निर्माण से होने वाली दुर्घटनाएं बार-बार बता रही हैं कि समस्या ईंट-पत्थर की नहीं, व्यवस्था की है। पुराना राजेंद्र नगर हो, जहां बेसमेंट में पानी भरने से तीन प्रतियोगी परीक्षार्थियों की जान गई थी, या राजकोट का गेम जोन, जहां आग ने कई परिवारों को उजाड़ दिया- हर घटना के बाद एक ही तस्वीर उभरती है, नियम मौजूद थे, जिम्मेदार विभाग मौजूद थे, लेकिन जिम्मेदारी गायब थी। आखिर ऐसा क्यों है? इमारतें अचानक नहीं गिरतीं। उनके गिरने की पटकथा महीनों और कई बार वर्षों में लिखी जाती है। कहीं नक्शे से खिलवाड़ होता है, कहीं मंजिलें बढ़ाई जाती हैं, कहीं घटिया सामग्री इस्तेमाल होती है, कहीं बेसमेंट का उपयोग बदल दिया जाता है। शिकायतें भी होती हैं। निरीक्षण भी होते हैं। कागज भी चलते हैं। फिर भी अवैध निर्माण खड़ा रहता है। क्या हमारी व्यवस्था की आंखें तभी खुलती हैं जब मलबे में से कोई शव निकलता है? यही सवाल प्रशासन से है और उससे भी ज्यादा उस भ्रष्ट तंत्र से, जिसमें नियम कानून की किताब में रहते हैं और उनका उल्लंघन बाजार में खुलेआम चलता है। हादसा हुआ नहीं कि संवेदना का बाजार सज गया। ट्वीट, बयान, दौरे, मुआवजे और जांच के आदेश। मगर जनता पूछती है-जांच हादसे के बाद ही क्यों? क्या किसी नेता या अधिकारी को यह पता नहीं होता कि उसके क्षेत्र में कितने भवन अवैध हैं? कितने बेसमेंट में कोचिंग चल रही है? कितने पीजी में क्षमता से दोगुने-तीन गुने विद्यार्थी रह रहे हैं? कितनी इमारतों में अग्नि निकास केवल कागज पर है? यदि पता है तो कार्रवाई क्यों नहीं? यदि पता नहीं है तो फिर प्रशासन कर क्या रहा है? इस सवाल का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे अक्सर हादसे की सनसनी में भुला दिया जाता है- वे बच्चे और युवा, जो इन असुरक्षित इमारतों में रहने को मजबूर हैं। गांव का किसान अपने बेटे को दिल्ली भेजता है। छोटा दुकानदार अपनी बेटी को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए शहर भेजता है। परिवार अपनी सामर्थ्य से अधिक खर्च करता है, क्योंकि उसे उम्मीद है कि पढ़ाई से अगली पीढ़ी की जिंदगी बदल जाएगी। लेकिन शहर में पहुंचते ही यह सपना एक महंगे बाजार में प्रवेश कर जाता है। कोचिंग की फीस अलग, पीजी का किराया अलग, भोजन अलग, बिजली अलग, इंटरनेट अलग और लाइब्रेरी की फीस अलग। सुरक्षित आवास महंगा है तो विद्यार्थी सस्ता पीजी चुनता है। कमरे में चार की जगह आठ रह जाते हैं। पार्किंग के लिए बना बेसमेंट लाइब्रेरी बन जाता है। आवासीय भवन में कोचिंग शुरू हो जाती है। विद्यार्थी को ज्ञान देने के नाम पर करोड़ों का कारोबार करने वालों के लिए उसकी सुरक्षा की कीमत इतनी कम क्यों है? राजेंद्र नगर की घटना के बाद बेसमेंट में चल रहे कोचिंग और लाइब्रेरी परिसरों पर कार्रवाई हुई। कई संस्थान सील किए गए, नोटिस दिए गए और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। मगर सवाल फिर वही है। अगर नियम पहले से थे तो उन्हें लागू करने के लिए तीन जिंदगियों की बलि क्यों चाहिए थी? हमारी सबसे बड़ी विडंबना है। हम हादसों के बाद जागते हैं और कुछ समय बाद फिर सो जाते हैं। राजकोट की आग ने भी यही बताया। अग्नि सुरक्षा, निकास और निर्माण संबंधी नियमों की अनदेखी कितनी महंगी पड़ सकती है, देश ने देखा। बात केवल इमारतों की नहीं है। बात उस भरोसे की है जिसके सहारे गांव का एक पिता अपना बच्चा महानगर भेजता है। मलबे से शव निकाल लेना राहत कार्य है। मलबा बनने से पहले इमारत को रोक देना शासन है। मुआवजा देना संवेदना है। हादसा न होने देना ज़िम्मेदारी है। इसलिए दिल्ली की आज की घटना पर केवल शोक मत कीजिए। सवाल पूछिए, किसने बनाया, किसने अनुमति दी, किसने जांच की, किसने अनदेखा किया और किसने लाभ उठाया? इमारत के गिरने की आवाज कुछ सेकंड की होती है, लेकिन उसके नीचे दबे परिवारों का दुख पूरी जिंदगी चलता है और याद रखिए, इमारतें अचानक नहीं गिरतीं। पहले नियम गिरते हैं, फिर ईमानदारी, फिर जवाबदेही और अंत में छत।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ईश्वर की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

जड़ जगत की रचना के लिए ईश्वर की जो शक्ति काम करती है, उसे प्रकृति कहते हैं और चैतन्य जगत की रचना करने वाली शक्ति को जीव कहते हैं। जिस प्रकार दोनों हाथ एक ही शरीर के दो भाग हैं, उसी प्रकार जीव और प्रकृति दोनों ही ईश्वरतत्व के दो अंश हैं। अध्यात्म तत्व के जिज्ञासु जिस ईश्वर की उपासना करते हैं, असल में वह अखिल आद्यशक्ति का सतोगुणी अंश है। मानवीय उन्नति तो सत्व गुणों को प्राप्त करने से ही हो सकती है। इसलिए उन उच्च गुणों की एक मानसिक प्रतिमा बनाकर उपासना करने का विधान किया गया है। ईश्वर का सत्व गुण अदृश्य रूप से हमारे निकट ही वर्तमान है। उसे अधिक मात्र में खींचकर अपने अंदर भर लेने के लिए प्रेम, श्रद्धा, विश्वास और ध्यान अभ्यास की आवश्यकता होती है। इन्हीं चारों के समन्वय को 'उपासना' कहा जाता है। उपासना जितनी ही प्रबल होगी, आकर्षण भी वैसा ही सशक्त होगा और उसी के अनुसार उपास्य देवतत्व की प्राप्ति होगी। प्रेम, दया, करुणा, सहानुभूति, उदारता, त्याग, समता और न्याय आदि सद्गुणों का निष्ठापूर्वक जितना अधिक चिंतन किया जाता है, उतनी अधिक उनकी प्राप्ति होती है। उन्नति का क्रम तम से सत की ओर चलना है। जिसने जितना ही सत्गुण अपने में धारण कर लिया, आध्यात्मिक दृष्टि से वह उतना ही उन्नतिशील कहा जाएगा। यदि एक भक्त सत तत्व की उपासना करता है तो कोई कारण नहीं कि उसे वह प्राप्त न हो। ईश्वर की उपासना का तात्पर्य उसके दिव्य सत्तत्व की आराधना है।

हमारे विचार हैं मन का भोजन

संकलित
प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

अंतर्मन

आज की पाती

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह : स्वस्थ भारत की मजबूत नींव

हमारे देश में प्रत्येक वर्ष 1 से 7 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। शारीरिक विकास के लिए संतुलित आहार और उचित पोषण हर किसी के लिए बहुत आवश्यक है, फिर चाहे वह कोई बच्चा हो, बुजुर्ग हो या महिलाएं। हमें यह याद रखना चाहिए कि पोषण केवल स्वास्थ्य का ही विषय नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय दायित्व है। इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य आमजन को संतुलित आहार, उचित पोषण, कुपोषण की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है। वास्तव में यह सप्ताह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ और सशक्त राष्ट्र का निर्माण केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि स्वस्थ नागरिकों से होता है। कहना गलत नहीं होगा कि पोषण हमारे शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का आधार है - *प्रवीण कुमार, गन्नौर*

ट्रेंड

शोधार्थियों से आग्रह

शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ रोजगार हासिल करना नहीं, बल्कि आलोचनात्मक सोच व नवाचार को बढ़ावा देना होना चाहिए। शोधार्थियों ऐसे विषय चुनें जो समुदाय की समस्याओं का समाधान करें और समावेशी विकास को बढ़ावा दें। **-सी. पी. राधाकृष्णन**, उपराष्ट्रपति

आर्थिक वृद्धि बरकरार

भारत ने वैश्विक भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद अन्य देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाकर और रणनीतिक साझेदारियां कायम कर अपनी आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को कायम रखा है। भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही। **-अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं

पूर्ववर्ती सरकारों के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। राजस्व का नुकसान, चोरी और केंद्रीय योजनाओं में शामिल न होने के कारण राज्य व्यावहारिक रूप से दिवालिया हो गया है। हम खराब स्थिति में हैं और वित्तीय संकट से बाहर आने के लिए हमें एक वर्ष लगेगा। **-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, प. बंगाल

कानून-व्यवस्था जरूरी

विकास के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। पुलिस का काम सिर्फ आरोपियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि राज्य के विकास की नींव मजबूत करना भी है। जो लोग कानून का पालन करते हैं, उनके लिए पुलिस दोस्त है और जो कानून नहीं मानते, उनके लिए पुलिस दुश्मन है।
-जोसेफ विजय, सीएम, तमिलनाडु

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

ब्रिटेन सरकार की प्रवासियों के विरोध में प्रदर्शन पर नाराजगी

ब्रिटेन सरकार ने सोमवार को इंग्लिश चैनल पार कर आए प्रवासियों के विरोध में दक्षिणी इंग्लैंड के एक बंदरगाह पर प्रदर्शन करने वाले प्रवासी विरोधी प्रदर्शनकारियों के 'डराने-धमकाने वाले और उग्र व्यवहार' की निंदा की। रविवार देर रात पोट्र्समाउथ में सैकड़ों प्रदर्शनकारी पुलिस के सामने आ गए। इनमें से कई ने काले कपड़े पहन रखे थे और चेहरे ढक रखे थे। प्रदर्शनकारियों ने प्रवासियों को किनारे लाने वाली बचाव नौकाओं को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद उन्होंने नए आए प्रवासियों को शरणार्थी आवेदन प्रक्रिया केंद्र तक ले जाने वाली बसों को भी रोकने की कोशिश की। सरकार ने एक बयान में कहा, ' 'शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार हमारे लोकतंत्र का मूल हिस्सा है, लेकिन इसे कभी भी अव्यवस्था की सीमा पार नहीं करनी चाहिए।'पोट्र्समाउथ में हुए इस प्रदर्शन से एक दिन पहले, शनिवार को डोवर में भी ऐसा ही प्रवासी विरोधी प्रदर्शन हुआ था। डोवर ब्रिटेन का सबसे व्यस्त नौका बंदरगाह है। वहां सैकड़ों नकाबपोश प्रवासी विरोधी प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था, जिससे यातायात प्रभावित हुआ और फ्रांस जाने वाले यात्रियों तथा मालवाहक वाहनों को परेशानी हुई।

ऑफ बीट

वर्कआउट के बाद रिकवरी के लिए अपना रहे कई तरीके

मुश्किल वर्कआउट पूरा करने के बाद हमेशा अच्छा महसूस होता है, लेकिन कुछ घंटों बाद मांसपेशियों में दर्द और खिंचाव शुरू हो जाता है। यह परेशानी कई दिन तक रह सकती है और रोजमर्रा के आसान काम करना भी मुश्किल हो सकता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए जिम जाने वाले लोग अब उन तरीकों को अपना रहे हैं, जो पहले केवल बड़े स्तर के खिलाड़ियों के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। सोशल मीडिया और पेशेवर खेलों ने आइस बाथ, कंप्रेशन वस्त्र, मसाज और रिकवरी सप्लीमेंट जैसी कई चीजों को लोकप्रिय बनाया है। रिकवरी के तरीकों में आइस बाथ पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। इसमें 15 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान वाले पानी में शरीर को कुछ समय के लिए डुबोया जाता है, ताकि रिकवरी बेहतर हो सके। लेकिन इसके फायदे को लेकर वैज्ञानिक प्रमाण मिले-जुले हैं। वर्कआउट के बाद रिकवरी तेज करने के लिए कंप्रेशन वस्त्र आमतौर पर पहने जाते हैं। इसके पीछे विचार यह है कि इन वस्त्रों से बाहर से पड़ने वाला दबाव रक्त संचार को बेहतर करता है, मांसपेशियों तक रक्त का प्रवाह बढ़ाता है और सूजन कम करता है। मसाज रिकवरी के उन कुछ तरीकों में से एक है, जिसके समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण काफी हद तक लगातार मिलते रहे हैं।

क्वार्टर फाइनल में सबालेंका और अल्काराज

यूएस ओपन में गत चैंपियंस का जलवा

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

गत चैंपियन एरिना सबालेंका और कार्लोस अल्काराज अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। शीर्ष रैंक वाली सबालेंका ने टेलर टाउनसेंड को 6-4, 6-3 से हराया। वहीं अल्काराज ने टॉमी पॉल को 6-4, 6-3, 6-4 से मात दी । अब सबालेंका का सामना विम्बलडन विजेता लिंडा नोस्कोवा से होगा, जिन्होंने मार्ता कोस्तियुक को 7-5, 5-7, 6-4 से हराया। वहीं दाहिनी कलाई में चोट के कारण चार महीने में पहला टूर्नामेंट खेल रहे अल्काराज का सामना अब अमेरिका के बेन शेल्टन से होगा, जिन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को शिकस्त दी।



शेल्टन ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन शानदार फॉर्म में हैं और उनका यूएस ओपन अभियान सही समय पर रफ्तार पकड़ चुका है। आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन ने चौथे दौर के मुकाबले में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-2, 6-3, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। शेल्टन ने पूरे मैच में आक्रामक खेल दिखाया और सितसिपास को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने शुरुआत से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और तीनों सेट आसानी से जीते। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन का सामना मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज से होगा।

नवारो ने हासिल किया क्वार्टर फाइनल का टिकट

अमेरिका की एम्मा नवारो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में एना कलिनस्काया को सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। नवारो ने मैच की शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा और कलिनस्काया को वापसी का ज्यादा मौका नहीं दिया। पहले सेट को 6-4 से जीतने के बाद उन्होंने दूसरे सेट में और आक्रामक खेल दिखाया और 6-2 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। नवारो ने पहला सेट जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ खेल दिखाया। दूसरे सेट में उन्होंने 5-1 की बड़ी बढ़त बनाई। एना कलिनस्काया ने एक बार सर्विस ब्रेक लेकर वापसी की कोशिश की, लेकिन वह मैच का रुख नहीं बदल सकीं। इसके बाद नवारो ने आठवें गेम में फिर से कलिनस्काया की सर्विस तोड़ी और सिर्फ 1 घंटा 21 मिनट में 6-4, 6-2 से मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया।

दलीप ट्रॉफी

700 रनों के पार ईस्ट जोन ईशान ने ठोका दोहरा शतक

ईशान ने 270 रन के स्कोर के साथ आठवां सर्वोच्च निजी स्कोर बनाया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच में कप्तान ईशान किशन ने 270 रनों की पारी खेली, जिसके दम पर ईस्ट जोन का पलड़ा काफी भारी नजर आ रहा है।

ईस्ट जोन के कप्तान ईशान किशन तिहरा शतक बनाने से चूक गए। लेकिन साउथ जोन के खिलाफ उन्होंने कमाल की पारी खेली और सर्वोच्च निजी स्कोर के मामले में खास उपलब्धि हासिल की। इशान किशन 270 रन के स्कोर पर छक्का लगाने की कोशिश में आउट हुए। त्रिपूर्ण विजय की गेंद पर बाउंड्री के पास आर स्मरण के हाथों लपके गए। इशान किशन ने 334 गेंद का सामना किया और 30 चौके व सात छक्के लगाए। उनके तिहरे शतक से ईस्ट जोन की पहली पारी 708 रन के स्कोर पर समाप्त हुई। इस पारी में ईस्ट जोन ने कुल 163 ओवरों का सामना किया।

250 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हुए ईशान

इशान 250 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए। वे सातवां विकेट गिरने के बाद फिर से बैटिंग को आए। इसके बाद उन्होंने 20 रन जोड़े। इशान के पास तब मौका था कि वे तिहरा शतक लगाते और शायद इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च निजी स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाते। ईशान के लिए इसके लिए कोशिश भी की लेकिन सफलता नहीं मिली। वे पहले दिन के खेल में जब बैटिंग के लिए आए थे तब ईस्ट जोन का स्कोर तीन विकेट पर 147 रन था। उन्होंने फिर एक छोर थाम लिया और बाकी बल्लेबाजों के साथ मिलकर टीम को पहाड़ से स्कोर तक पहुंचा दिया। उन्हें शिखर मोहन (85), कुमार कुशाग्र (101), अनुकूल रॉय (45) और मोहम्मद कुनैन कुरैशी (40) का अच्छा साथ मिला।

दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड ध्वस्त

ईशान किशन बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज वह दलीप ट्रॉफी के फाइनल में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने दिनेश कार्तिक के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। कार्तिक ने साल 2010 में दलीप ट्रॉफी के फाइनल में साउथ जोन की ओर से खेलते हुए 183 रनों की दमदार पारी खेली थी। ईशान दलीप ट्रॉफी के फाइनल में दोहरा शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर कप्तान भी हैं। ईशान वनडे इंटरनेशनल और दलीप ट्रॉफी में दोहरा शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

किशन ने जायसवाल जडेजा को पीछे छोड़ा

किशन ने 270 रन के स्कोर के साथ दलीप ट्रॉफी में आठवां सर्वोच्च निजी स्कोर बनाया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (265) और अजय जडेजा (264) को पीछे छोड़ा। इशान से ठीक आगे वीरेंद्र सहवाग (274), लालचंद राजपूत (275) और संजय मांजरेकर (278) ही रहे। इशान ने सिक्स के लिए, जो शॉट खेला था अगर वह बाउंड्री पार कर जाता तो वह दलीप ट्रॉफी में सर्वोच्च निजी स्कोर के मामले में छठे स्थान पर पहुंच जाते। राजपूत और सहवाग उनसे पीछे हो जाते।

सर्वोच्च फर्स्ट क्लास स्कोर से चूके ईशान

ईशान फर्स्ट क्लास में अपना सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ने से भी महज तीन रन पीछे रह गए। उन्होंने इस फॉर्मेट में 273 रन का स्कोर बना रखा है, जो 2016 में रणजी ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ बनाया था। तब उन्होंने 336 गेंद में 21 चौकों व 14 छक्कों से सजी पारी खेली थी।

ईशान और कुमार की 230 रनों की साझेदारी

ईशान किशन ने कुमार कुशाग्र के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 230 रनों की साझेदारी निभाई। कुशाग्र भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने शतकीय पारी खेली। कुशाग्र ने 132 गेंदों का सामना करते हुए 101 रन बनाए। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 8 चौके और 5 छक्के लगाए।

साउथ जोन के त्रिपुरण विजय झटके 4 विकेट

साउथ जोन के लिए त्रिपुरण विजय ने कुल 42 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 180 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट हासिल किए। शेख रशीद को 1 सफलता हाथ लगी।

खबर संक्षेप

पैरा तीरंदाजी : फाइनल में शीतल, प्लेआफ में सरिता

अहमदाबाद। मौजूदा विश्व चैंपियन शीतल देवी ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज (तीसरा चरण) के तीसरे दिन सोमवार को महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। जम्मू की भुजाहीन तीरंदाज शीतल ने सरिता को 145-143 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अब उनका सामना कजाखस्तान की ऐजादा सेडान से होगा। सरिता कांस्य पदक के मुकाबले में चीन की वांग हुइतिंग से खेलेगी। कंपाउंड पुरुष वर्ग में मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी तोमान कुमार को शीर्ष वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया के केन स्वागुमिलांग ने 146-144 से हराया।

इंग्लैंड ने दिया पीटरसन को बड़ा जिम्मा, बनाया मेंटोर

लंदन। पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के लिए इंग्लैंड की सफेद गेंद की टीमों का विशेषज्ञ मेंटोर बनाया गया है। पीटरसन इस महीने के आखिर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे श्रृंखला में मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ जुड़ेंगे। कोचिंग स्टाफ में मार्कस ट्रेसकोथिक, टिम साउदी, जीतन पटेल और सारा टेलर भी हैं। वह इस साल आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के दौरों पर भी टीम के साथ होंगे। इसके बाद पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं और विश्व कप में टीम के साथ रहेंगे।

महिला क्रिकेट

पाकिस्तानी कप्तान फातिमा पर आईसीसी का तगड़ा एक्शन

शेफाली को सेंडऑफ देना पड़ा महंगा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को महिला एशिया कप के दौरान आउट करने के बाद 'अपमानजनक इशारा' करने के लिए पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को भारत की पारी के दूसरे ओवर में हुई जब शेफाली को आउट करने के बाद फातिमा ने पवेलियन की ओर इशारा किया।

फातिमा को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आचार संहिता के लेवल एक के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी बल्लेबाज के आउट होने पर ऐसी भाषा, हरकत या इशारे करने से संबंधित है, जो बल्लेबाज का अपमान करते हों या उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकते हों।

दो साल में सना का दूसरा अपराध

इसके अलावा फातिमा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक और जोड़ा गया है क्योंकि 24 महीने की अवधि में यह उनका दूसरा अपराध है। इसके साथ ही एक साल के भीतर उनके डिमेरिट अंकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। फातिमा को इससे पहले छह अगस्त 2025 को डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच के दौरान एक डिमेरिट अंक मिला था।

सना ने स्वीकारा अपराध

फातिमा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी के मैच रैफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल की सुप्रिया रानी दास प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर निमाली परेरा और शथिरा जाकिर जेसी, तीसरी अंपायर रोकैया सुल्ताना और चौथे अंपायर रबाब अहसन ने उनके खिलाफ आरोप लगाया था। लेवल-एक के उल्लंघन के लिए न्यूनतम सजा आधिकारिक फटकार है जबकि अधिकतम सजा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक है।

जूनियर डेविस कप खेलेंगे रिभाव, हृतिक और तविशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के शीर्ष अंडर-16 खिलाड़ी रिभाव सरोहा मिस्र की राजधानी काहिरा में 2 से 8 नवंबर तक होने वाले जूनियर डेविस कप 'फाइनल्स' में भारतीय टीम की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को टीम की घोषणा की, जिसमें



रिभाव के अलावा हृतिक कटकम और तविश पाहवा को भी शामिल किया गया है। भारतीय टीम इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चेकिया, मिस्र, स्पेन, फ्रांस, हंगरी, इटली, जापान, कजाखस्तान, मोरक्को, सर्बिया, अमेरिका और वेनेजुएला जैसी दुनिया की शीर्ष टीमों से मुकाबला करेगी।

टीम में जगह पक्की करना आसान नहीं : पडिक्कल

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

भारतीय टेस्ट टीम में जगह पक्की करना आसान नहीं है और मौके भी सीमित मिलते हैं इसलिए कर्नाटक के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल श्रीलंका के हालिया दौरे पर लगातार दो शतक लगाने के बावजूद किसी चीज को हल्के में नहीं ले रहे हैं। नंबर तीन पर नियमित बल्लेबाज साई सुदर्शन के पैर में चोट के कारण पडिक्कल को श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट खेलने का मौका मिला और उन्होंने तीन पारियों में 328 रन बनाकर इसका पूरा फायदा उठाया। पडिक्कल ने कहा, 'इन दिनों आपको सीमित मौके मिलते हैं और टीम में जगह पक्की करना आसान नहीं है। किसी भी चीज को हल्के में नहीं लिया जा सकता। व्यक्तिगत तौर पर मैं सिर्फ रन बनाते रहना और भारतीय टेस्ट टीम की जीत में योगदान देना चाहता हूं। जब तक मैं ऐसा करता रहूंगा मुझे यकीन है कि टीम में मेरी जगह बनी रहेगी।'

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए चुने छह पेसर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 सितंबर से शुरू होने जा रही तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका ने अपनी 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। नियमित कप्तान टेंबा बावुमा की टीम में वापसी हुई है। इसके साथ ही अनुभवी बल्लेबाज डेविड मिलर और क्विंटन डी कॉक भी इस टीम का हिस्सा हैं। साउथ अफ्रीकी टीम में गेराल्ड कोएत्जी की वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार वर्ल्ड कप 2023 में वनडे फॉर्मेट खेला था। वह कगिसो रबाडा की जगह ले रहे हैं, जो वनडे सीरीज से बाहर हैं और हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टेस्ट मैचों के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे हैं।

साउथ अफ्रीकी वनडे स्क्वॉड में 2 स्पिनर

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए छह पेसर टीम में चुने हैं। कोएत्जिया के साथ ही मार्को यानसन, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश और ऑटनील बार्टमैन को जगह दी गई है। केशव महाराज और ब्यॉर्न फॉर्टुइन के रूप में दो बाएं हाथ के स्पिनर को लिया गया है।

19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में एशियाई खेल

छत्तीसगढ़ की ज्ञानेश्वरी का जापानी सरजमीं पर नया लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव ग्लास्गो के अनुभव को इस महीने होने वाले एशियाई खेलों में भुनाने के लिए तैयार हैं। छत्तीसगढ़ की 23 वर्षीय ज्ञानेश्वरी की नजर 19 सितंबर से जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बेहतर करने पर है।

जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों में ज्ञानेश्वरी ने 53 किग्रा भार वर्ग में स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 199 किग्रा भार (88 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एवं जर्क) के साथ रजत पदक जीता था।

बेहतर करने की कोशिश करूंगी : ज्ञानेश्वरी

ज्ञानेश्वरी ने कहा, 'तैयारी अच्छी चल रही है। मैं वहां अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं। राष्ट्रमंडल खेलों में मैंने 199 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था और अब इसे बेहतर करने की कोशिश करूंगी।'' ज्ञानेश्वरी ने कहा, ' हमें राष्ट्रमंडल खेलों के बाद ज्यादा समय नहीं मिला। हमें सिर्फ एक महीने का समय मिला। मैं स्नैच में सुधार करने की कोशिश करूंगी। अगर मैं स्नैच और क्लीन एवं जर्क दोनों में एक-एक किलोग्राम का सुधार कर पाती हूं तो यह मेरे लिए बड़ी उपलब्धि होगी। किसी भी खिलाड़ी के लिए अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बहुत बड़ी बात होती है।'

पदक जीतने की होड़

एशियाई खेलों में हालांकि ज्ञानेश्वरी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। चीन, दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया जैसे भारोत्तोलन के पारंपरिक मजबूत देशों के खिलाड़ी भी पदक जीतने की होड़ में होंगे। एशियाई खेलों के बाद 53 किग्रा भार वर्ग में ज्ञानेश्वरी के लिए घरेलू स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा बढ़ जाएगी। मौजूदा समय में 48-49 किग्रा वर्ग में हिस्सा ले रहीं ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू 53 किग्रा वर्ग में उतरने की तैयारी में हैं क्योंकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं के लिए 53 किग्रा सबसे कम भार वर्ग होगा।

अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने दिया न्योता

चंद्रमा मिशन में भारत के साथ है काम करने की प्रबल इच्छा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को कहा कि भारतीय स्पेसटेक स्टार्टअप्स के लिए अमेरिकी बाजार खुला है और अमेरिकी निवेशक इस क्षेत्र पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के साथ मिलकर अमेरिका चंद्रमा पर बेस बनाने के अपने कार्यक्रम को आगे बढ़ाना चाहता है। बेंगलुरु में आयोजित बेंगलुरु स्पेस एक्सपो 2026 में गोर ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को मून बेस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चंद्रमा पर वापस जाने के लिए तैयार है और वह इस मिशन में भारत को अपने साथ देखना चाहता है।

> भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका चंद्रमा पर वापस जाने के लिए तैयार है और वह मून बेस प्रोग्राम में भारत को अपने साथ देखना चाहता है

दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग का नया दौर शुरू | अमेरिका भारत के साथ अनुसंधान के लिए भी तैयार

भारतीय स्पेस उद्यमियों के लिए अमेरिका में अवसर

बेंगलुरु स्पेस एक्सपो में सर्जियो गोर

अमेरिकी राजदूत ने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र के उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी बाजार उनके लिए खुला है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी निवेशक भारतीय स्पेस सेक्टर को देख रहे हैं और वहां के इकोसिस्टम भारतीय कंपनियों और उद्यमियों के लिए अवसर उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष सहयोग अब एक बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है, नया दौर शुरू हो रहा है। उन्होंने 9वें यूएस-इंडिया सिविल स्पेस जांइट वर्किंग ग्रुप का भी उल्लेख किया।

मिलकर समाधान विकसित करने पर जोर

गोर ने कहा कि दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष साझेदारी अब केवल सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि को-क्रिएशन यानी मिलकर नई तकनीक और समाधान विकसित करने की दिशा में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि दोनों देश अब केवल डेटा साझा नहीं कर रहे हैं, बल्कि उपकरणों को मिलकर डिजाइन करने, स्टार्टअप्स के लिए मिलकर फंडिंग उपलब्ध कराने और मानव खोज के भविष्य को मिलकर आकार देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ शोध के लिए तैयार है।

शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा से बढ़ा सहयोग

अमेरिकी राजदूत ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यात्रा को भी भारत-अमेरिका अंतरिक्ष सहयोग का बड़ा उदाहरण बताया। शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक शोध में हिस्सा लिया। अब भारत और अमेरिका एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग, स्पेसक्राफ्ट डॉकिंग और अलग-अलग स्पेस सिस्टम को एक साथ काम करने लायक बनाने पर भी सहयोग कर रहे हैं। बता दें, नासा का आर्टेमिस प्रोग्राम चांद पर इंसानों को फिर भेजने की योजना है। इसका मकसद चांद पर वैज्ञानिक शोध करना और वहां लंबे समय तक इंसानों के काम करने की तैयारी करना है। इस मिशन से मिलने वाली जानकारी का इस्तेमाल आगे मार्स मिशन की तैयारी में भी किया जाएगा।

अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था का अहम इंजन

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र अब वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण इंजन बनता जा रहा है। यह नेविगेशन, कम्युनिकेशन, आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस (एआई) और एडवांस्ड मेन्युफेक्चरिंग जैसी तकनीकों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष अब केवल राष्ट्रीय गौरव से जुड़ी गतिविधि नहीं रह गया है, बल्कि यह 21वीं सदी की वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बन रहा है।

अमेरिकी कंपनियों के लिए भारत में भी कई अवसर

गोर ने इससे पहले सोमवार को अमेरिकी कारोबारों के लिए भारत में अवसर बढ़ाने और दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने की बात कही। एमेजन के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि अमेरिकी इनोवेशन दुनिया भर में एक शक्तिशाली ताकत है। उन्होंने भारत में एमेजन की मौजूदगी और भारत में अमेरिकी कंपनियों के लिए बढ़ते अवसरों पर चर्चा की।

पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर के उद्घाटन समारोह को पीएम मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया

मंदिर निर्माण संतों की संकल्प शक्ति का प्रमाण, दोनों देशों के बीच बना नया संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पेरिस में बीएपीएस स्वामीनारायण हिंदू मंदिर के लोकार्पण समारोह को वर्चुअली संबोधित संबोधित किया। इस दौरान, पीएम ने कहा कि भले ही वह पेरिस में मौजूद नहीं हैं, लेकिन मन और हृदय से स्वयं को समारोह में उपस्थित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पूज्य महंत स्वामी, संतों और बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था को इस ऐतिहासिक अवसर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैं परम पूज्य प्रमुख स्वामी जी महाराज का भी श्रद्धापूर्वक स्मरण करता हूं।

पीएम संबोधित करते हुए

प्राचीन काल में भारत का जो सांस्कृतिक आध्यात्मिक वैभव था, उन्होंने उसके पुनर्जागरण का एक अभियान शुरू किया था। आज उसका प्रकाश यूरोप समेत पूरी दुनिया में फैल रहा है। 2024 में अबू धाबी में भव्य मंदिर का उद्घाटन हुआ था। आज वहां हजारों लोग दर्शन करने जाते हैं और अब यहां पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर का निर्माण सृजन की यह निरंतरता, यह संतों की संकल्प शक्ति का ही प्रमाण है। मैं पुनीत कार्य के लिए पूज्य महंत स्वामी का आभार प्रकट करता हूं। मैं उनके चरणों में प्रणाम करता हूं।

> फ्रांस में संपन्न हुआ देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर का भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव

40 से भी अधिक देशों के लोग पधारे

गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज पूजा करते हुए

फ्रांस में देश के पहले पारंपरिक हिंदू मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न हुआ। यह मंदिर अब सभी दर्शनार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए खुल गया है। रविवार को प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बीएपीएस अक्षरधाम संस्थान के वर्तमान गुरु परम पूज्य महंतस्वामी महाराज के करकमलों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विधि संपन्न हुई। इसका निर्माण प्राचीन भारतीय वास्तुकला और वैदिक शिल्पशास्त्र के आधार पर किया गया है, जिसमें फ्रांसीसी आधुनिक तकनीक का भी सुंदर सम्मिश्रण देखने को मिलता है। 13 दिनों तक चलने वाले इस मंदिर महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए भारत, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, और इंग्लैंड समेत 40 से भी अधिक देशों से लोग पधारे हैं। यह मंदिर 5000 वर्गमीटर के क्षेत्र में फैला है। इसमें 5 शिखर, 10 विशाल गुंबद, 20 नक्काशीदार स्तंभ, 120 गवाक्ष, 49 चरित्र शिल्प प्रतिमाएं हैं।

फ्रांस के साथ संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंचे

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए भी खास है, क्योंकि ये हमारे पुराने सांस्कृतिक-राजनैतिक संबंधों की मजबूत बुनियाद पर टिकी है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि पेरिस में बना यह भव्य मंदिर सदियों तक दोनों देशों के बीच सहयोग और अवसरों के प्रतीक के रूप में खड़ा रहेगा। मेरे मित्र राष्ट्रपति (इमैनुएल) मैक्रों के साथ मिलकर दोनों देश विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं।

एआई, रक्षा, स्पेस क्षेत्र में कर रहे सहयोग

पीएम ने कहा कि प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में भारत और फ्रांस नई गति और नई ऊर्जा के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। हम 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में भी मना रहे हैं। यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए खास है क्योंकि यह हमारे लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों की मजबूत नींव पर आधारित है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत-फ्रांस संयुक्त उद्यमों की संभावनाओं पर बातें होती हैं। स्वामीनारायण मंदिर ने इस संभावना में भी एक नया आयाम जोड़ा है। यह मंदिर 'मेड इन इंडिया' है और 'बिल्ट इन फ्रांस' है।

पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे बोले

ऑपरेशन सिंदूर में पाक को सटीक दंड दिया, दुनिया भी रह गई अचंभित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पूर्व थल सेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पाकिस्तान को सटीक दंड दिया है। इस संयमित लेकिन प्रभावी कार्रवाई ने भारत की सैन्य नीति की परिपक्वता को दुनिया ने भी लौहा माना। यह अभियान तीन पी का रहा- प्यूनिटिव यानी दंडात्मक, प्रिसाइज यानी सटीक और प्रपोर्शनेट यानी आनुपातिक। दंडात्मक इसलिए क्योंकि दुश्मन को सबक सिखाना था कि भारत चुपचाप नहीं बैठेगा। सटीक इसलिए क्योंकि सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने वाली अंधाधुंध गोलाबारी नहीं की गई।

स्वदेशी हथियारों के दम पर था मिशन


पूर्व थल सेनाध्यक्ष नरवणे

वेस्टर्न एयर कमांड के पूर्व एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल (रिटायर्ड) जितेंद्र मिश्र ने कहा कि वास्तव में लंबी तैयारी, मेहनत और दूरदर्शिता का नतीजा ऑपरेशन सिंदूर में दिख रहा था। भारतीय वायुसेना ने स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों के दम पर दुश्मन को करारा जवाब दिया। यह सिर्फ एक सैन्य अभियान नहीं था बल्कि वर्षों की मेहनत, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और वायुसेना के संयुक्त प्रयास का प्रमाण था।

ज्वालामुखी फूटने से 8 एयरपोर्ट बंद

जकार्ता। इंडोनेशिया के अनाक क्राकाटाउ ज्वालामुखी में रविवार को कई बार विस्फोट हुए। इससे निकली राख 50 हजार फीट तक पहुंच गई। राख फैलने के कारण 8 एयरपोर्ट बंद करने पड़े और 1,558 फ्लाइट्स रद्द हो गईं। इससे करीब 1.70 लाख यात्री प्रभावित हुए। इनमें राजधानी जकार्ता के दो बड़े एयरपोर्ट भी शामिल हैं। अनाक क्राकाटाउ ज्वालामुखी जावा और सुमात्रा के बीच सुंडा स्ट्रेट में है। इसमें शुक्रवार से हलचल बढ़ी हुई थी। रविवार सुबह 3:53 बजे करीब 30 सेकंड तक विस्फोट हुआ।

जानलेवा बर्फीला तूफान में 11 की मौत

मॉस्को। रूस के उत्तरी काकेशस इलाके में काबारडिनो-बाल्कारिया क्षेत्र में पर्वतारोहियों का एक समूह बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई है, वहीं 6 लोग घायल हुए तो 6 लापता बताए जा रहे हैं। रविवार को शाम करीब 5 बजे, यह हादसा बेजेंगी गॉर्ज में हुआ, जहां 5,025 मीटर ऊंचे माउंट मिजिरगी से बर्फीला तूफान नीचे की ओर बढ़ा और 33 पर्वतारोहियों के एक दल को अपनी चपेट में ले लिया। बचाव दल और एक एमआई-8 हेलीकॉप्टर को घटनास्थल पर भेजा गया।

भारत-लक्समबर्ग के बीच द्विपक्षीय बैठक

ग्रीन टेक्नोलॉजी, डिजिटल स्पेस सहित कई मुद्दों पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों में व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग सबसे अहम हैं। उन्होंने लक्जमबर्ग के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल का भारत में गर्मजोशी से स्वागत किया। बेटेल लक्जमबर्ग के अर्थव्यवस्था मंत्री के साथ आधिकारिक दौरे पर भारत आए हैं। डॉ. एस जयशंकर ने उनके साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे रिश्तों की बात करें तो व्यापार, निवेश और वित्तीय सहयोग इसके केंद्र में हैं।

जयशंकर और जेवियर बेटेल

पाकिस्तान: दो सड़क हादसों में 16 की मौत

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में अलग-अलग सड़क हादसों में 16 लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। पहला हादसा लाहौर से करीब 600 किमी दूर पंजाब के रहीम यार खान जिले में हुआ। सरदार गढ़ इलाके में ट्रैक्टर-ट्रॉली के तेज रफ्तार से जा रहे ट्रेलर से टकरा जाने से 7 लोगों की मौत हो गई, 50 से अधिक लोग घायल हो गए। दूसरा हादसा सिंध प्रांत के जैकबाबाद जिले के थुल शहर में हुआ। यहां लाहौर जा रही एक बस हादसे में 9 यात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई।

बाढ़ का पानी कम, मौत का आंकड़ा बड़ा

नेपाल में 1355 शव बरामद, 4996 अभी भी लापता, बचाव कार्य जारी

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में बाढ़ का पानी भले ही कम हो गया हो, लेकिन मरने वालों का और लापता लोगों का आंकड़ा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। नेपाल सरकार के अनुसार अब 1355 शव बरामद किए गए हैं। करीब 4996 लोग अभी भी लापता हैं। इसमें 589 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। अब तक 13396 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और 6672 घायलों का इलाज हुआ है। इस बीच नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बिदुर नगर पालिका में एक अस्थाई आश्रय स्थल का दौरा किया और राहत कार्यों की जानकारी ली। नेपाल में बच्चों पर इस आपदा का असर बहुत बड़ा है। करीब 17 हजार बच्चों के प्रभावित होने का अनुमान है।

राष्ट्रपति पौडेल आश्रय स्थल पर

कई अहम हथियार और सैन्य प्रणालियों की खरीद का रास्ता साफ

1.10 लाख करोड़ के हथियारों की खरीद प्रक्रिया मंजूर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई। इस बैठक में सशस्त्र बलों की क्षमता बढ़ाने के लिए करीब 1.10 लाख करोड़ रुपए की रक्षा खरीद को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, डीएसी ने अलग-अलग खरीद प्रस्तावों को जरूरत की स्वीकृति (एओएन) दी है। दरअसल, यह किसी उपकरण की खरीद की अंतिम मंजूरी नहीं, बल्कि आगे की खरीद प्रक्रिया शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण शुरुआती मंजूरी है। इस मंजूरी के बाद सेना, नौसेना और वायुसेना के लिए कई अहम हथियारों, वाहनों, रडार और सैन्य प्रणालियों की खरीद का रास्ता साफ हो गया है।

रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक

रेडियो फ्रीक्वेंसी कार्ड से सैन्य छावनी में होगा प्रवेश

नौसेना को मिलेगा आधुनिक निगरानी रडार 'अरुध्रा'

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

भारतीय नौसेना के लिए 'अरुध्रा रडार' खरीदने को मंजूरी दी गई है। इन रडारों को विभिन्न नौसैनिक हवाई स्टेशनों पर मौजूद पुराने हवाई मार्ग निगरानी रडारों की जगह लगाया जा सकता है। दरअसल, अरुध्रा एक आधुनिक निगरानी रडार है, जिससे नौसेना के हवाई ठिकानों की निगरानी क्षमता मजबूत होगी। नौसेना के लिए मरीन गैस टर्बाइन के डिजाइन और विकास तथा इसके बाद खरीद को भी मंजूरी दी गई है। मरीन गैस टर्बाइन युद्धपोतों की प्रणोदन प्रणाली यानी उन्हें आगे बढ़ाने वाली मुख्य प्रणाली का हिस्सा होती है। इसे स्वदेश में डिजाइन व विकास किया गया है। इससे नौसेना की विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28